दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!
Digital Daily News Paper
# लोकतंत्र की आवाज




● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 29 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 515

## संक्षिप्त खबरें ।

### चुनाव से पहले बिहार की राजनीति में बड़ा उलटफेर, जदयू के दो बड़े नेता कांग्रेस में शामिल



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना ।** बिहार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है. जेडीयू के दो प्रमुख नेताओं अली अनवर और भगीरथ मांझी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है. दोनों नेताओं ने दिल्ली में आयोजित एक समारोह में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की. अली अनवर जेडीयू के पूर्व राज्यसभा सांसद हैं और भगीरथ मांझी माउंटेन मैन दशरथ मांझी के पुत्र हैं. दोनों नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने से जेडीयू को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस पार्टी बिहार में अपने जनाधार को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए पार्टी विभिन्न समुदायों के नेताओं को अपने पाले में करने की कोशिश कर रही है। अली अनवर के जरिए कांग्रेस अल्पसंख्यक वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है, जबकि भगीरथ मांझी के जरिए पार्टी दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है।

**अली अनवर जेडीयू से दो बार रह चुके हैं राज्यसभा सांसदः** यह मिलन जेडीयू के लिए यह एक बड़ा झटका है. क्योंकि पार्टी के दो प्रमुख नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है. यह घटना बिहार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव ला सकती है. बता दें कि अली अनवर जेडीयू से दो बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं. 2017 में जेडीयू के बीजेपी के साथ दोबारा सरकार बनाने का अली अनवर ने विरोध जाहिर की थी. अली अनवर फिलहाल ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हैं।

**लोकसभा चुनाव से पहले भागीरथ मांझी जदयू में हुए थे शामिलः** दूसरे तरफ माउंटेन मैन दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं. बता दें कि भागीरथ मांझी 2024 लोकसभा चुनाव से पहले जेडीयू में शामिल हुए थे । एक साल के अंदर ही जेडीयू से उनका मोह भंग हुआ था. अब उन्होंने कांग्रेस पर विश्वास जताया है. पिछले दिनों पटना में राहुल गांधी के कार्यक्रम में भी भागीरथ मांझी शामिल हुए थे और राहुल गांधी ने उन्हें सम्मानित किया था।

# शहबाज सरकार की हो गई बेइज्जती! इंडोनेशिया के राष्ट्रपति पर भड़के पाकिस्तानी, बोले 'भारत ने बदला लिया





**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि रूप में शामिल हुए। प्रोबोवो इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति हैं, जो भारत के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आए हैं। भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर भी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि थे, ऐसे में प्रबोवो का यह दौरा खास बन गया है। हालांकि, एक और वजह से भी उनके इस दौरे की चर्चा पाकिस्तान तक में हो रही है। वजह भी पाकिस्तान से ही जुड़ी है। चलिए आपको बताते हैं कि आखिर पूरा मामला क्या है।

**स्वागत की तैयारियों में जुटा था पाकिस्तानः** भारत के बाद इस तरह की चर्चा भी थी कि प्राबोवो सुबियांतो पाकिस्तान का भी दौरा करेंगे, लेकिन इसे टाल दिया गया। इंडोनेशिया की सरकार ने तय किया कि राष्ट्रपति भारत के बाद पाकिस्तान ना जाकर मलेशिया की यात्रा पर जाएंगे। दूसरी ओर, पाकिस्तान को उम्मीद भी नहीं थी ऐसा भी कुछ हो सकता है। शहबाज सरकार ने राष्ट्रपति प्राबोवो के स्वागत की तैयारी भी शुरू कर दी थी। लेकिन, तैयारियां धरी की धरी रह गईं और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति पाकिस्तान नहीं गए।

**पाकिस्तानी दे रहे हैं प्रतिक्रियाः** अब इतनी बड़ी बात हो जाए और पाकिस्तानी इसे हजम कर लें, ये भला कैसे हो सकता है। शरीफ सरकार को भारत की यह कूटनीतिक सफलता हजम तो नहीं हुई होगी। हालांकि, पूरे मामले पर पाकिस्तान की ओर से कोई आधिकारिक बयान तो नहीं आया लेकिन पाकिस्तान के विदेशी मामलों के जानकार और आम लोग प्रतिक्रियाएं जरूर दे रहे हैं।

**भरत ने बदला ले लिया :** पाकिस्तान के एक्सपर्ट का मानना है कि भारत ने दबाव डालकर प्रबोवो को इस्लामाबाद आने से रोका है। पाकिस्तान के राजनीतिक टिप्पणीकार कमर चीमा का कहना है कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो को भारत में 26 जनवरी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पाकिस्तान आना था। इंडिया ने इंडोनेशिया पर दबाव बनाया और उनको (प्रबोवो सुबियांतो) इस्लामाबाद आने से रोक दिया। भारत की नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रबोवो को रोककर पाकिस्तान से बदला लिया है।

**कोई भी भारत को नजरअंदाज नहीं कर पा रहाः** कमर चीमा ने कहा, 'भारत ने कहीं ना कहीं बांग्लादेश का बदला पाकिस्तान से लिया है। बांग्लादेश में बीते कुछ महीनों में जो हुआ है, उससे भारत खुश नहीं है। पाकिस्तान की बांग्लादेश में बढ़ती दखल से भारत परेशान है और इसके बदले में वह दिखाना चाहता है कि हम क्या कर सकते हैं। उन्होंने इंडोनेशियाई प्रेसीडेंट को रोककर यह दिखा दिया है।' उन्होंने कहा, इसकी वजह अर्थव्यवस्था है। भारत एक बड़ा बाजार है और कोई भी देश उसे नजरअंदाज नहीं कर पा रहा है। पाकिस्तान जब तक खुद को मजबूत आर्थिक ताकत नहीं बनाएगा, उसे इस तरह की चीजों का सामना करना पड़ेगा।

**पाकिस्तान के पूर्व राजनयिक को है उम्मीदः** इस मामले पर पाकिस्तान के पूर्व राजनयिक और भारत में उपउच्चायुक्त रह चुके अब्दुल बासित ने भी प्रतिक्रिया दी है। बासित ने कहा कि भारत ने ठीक नहीं किया है। इंडोनेशिया कोई छोटा देश नहीं है, उसे स्टैंड लेना चाहिए। हालांकि, इंडोनेशिया यह कभी नहीं चाहेगा कि भारत से उसका रिश्ता खराब हो। भारत से उनका ट्रेड है, बीच का रास्ता निकाला जा सकता है। मुमकिन है कि वो कुछ दिन बाद इस्लामाबाद आ जाएं।

**भारत ने जानबूझकर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को बुलायाः** पाकिस्तान की यूट्यूबर और विदेशी मामलों की जानकार आरजू काजमी ने इस मामले में कहा कि, गणतंत्र दिवस के लिए भारत ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को ही 26 जनवरी पर बुलाया। जबकि, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने 26 जनवरी को इस्लामाबाद आ रहे इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के लिए तैयारियां भी शुरू कर दी थी। उन्होंने सरकार के एक मंत्री एहसन इकबाल की ड्यूटी भी लगा दी थी। आरजू ने आगे कहा कि, नरेंद्र मोदी सरकार को यह तो पता ही होगा कि पाकिस्तान पहले ही इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को बुला चुका है। इसके बावजूद मोदी सरकार ने जानबूझकर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को भारत बुलाया।

# राहुल गांधी की 'महाराजा' वाली टिप्पणी पर भड़के सिंधिया

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** सोमवार को मध्य प्रदेश के महू में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने राजा–महाराजाओं को लेकर एक टिप्पणी की थी, जिस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कड़ी आपत्ति की। सिंधिया की आपत्ति पर अब कांग्रेस ने पलटवार किया है और आजादी से पहले शाही परिवारों के अंग्रेजों के प्रति कथित प्यार का हवाला दिया और कहा कि हम उसे नहीं भूल सकते।

**क्या बोले थे राहुल गांधी ? :** रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि 'देश की आजादी के साथ बड़े बदलाव आए। आजादी से पहले दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के कोई अधिकार नहीं थे और सिर्फ राजा–महाराजाओं को ही अधिकार मिले हुए थे। आजादी के बाद आपको (आम जनता) जमीन और अधिकार मिले, लेकिन भाजपा और आरएसएस आजादी के पहले का भारत बनाना चाहते हैं, जहां आम आदमी के कोई अधिकार न हो और सिर्फ अदाणी और अंबानी जैसे लोगों के ही अधिकार रहें। वे चाहते हैं कि गरीब खामोशी में परेशान होता रहे और सपने न देखे। देश को सिर्फ अरबपति चलाएं।

### तो कांग्रेस का पलटवार-हम नहीं भूल सकते



**कांग्रेस का सिंधिया पर पलटवार :** सिंधिया पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने कहा कि 'अगर 26वां संविधान संशोधन न हुआ होता तो आज भी ग्वालियर शाही परिवार को भारत सरकार से करोड़ों रुपये की कर मुक्त रकम मिल रही होती। आपने साल 1971 तक भारत में विलय की कीमत वसूली। आप शायद भूल गए होंगे कि शाही परिवारों का अंग्रेजों के प्रति क्या प्यार रहा था, लेकिन हम नहीं भूल सकते। इतिहास गवाह है कि शाही परिवार की पिस्तौल का इस्तेमाल करके ही राष्ट्रपति महात्मा गांधी की हत्या की गई थी।' खेड़ा ने लिखा कि 'कुछ राजाओं के अच्छे कामों की वजह से कई शाही परिवारों के गलत कामों पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। पंडित नेहरू और सरदार पटेल ने राजाओं पर दबाव बनाकर आम जनता के हाथों में लोकतंत्र की विरासत सौंपी।

### सिंधिया ने राहुल गांधी के बयान पर बोला हमला

राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 'संविधान को अपनी पॉकेट डायरी समझने वाले राहुल गांधी ने आजादी से पहले के भारत में शाही परिवारों की भूमिका को लेकर जो कहा है, उससे उनकी छोटी सोच और कम समझ का पता चलता है।' सिंधिया ने कहा कि 'अपनी सत्ता की भूख में वह भूल गए हैं कि इन्हीं शाही परिवारों ने देश में वर्षों पहले समानता और समावेश की नींव रखी थी। वह भूल गए कि बड़ौदा महाराज सयाजीराव गायकवाड़ ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर को आर्थिक मदद दी ताकि वे अपनी पढ़ाई कर सकें। छत्रपति साहूजी महाराज ने साल 1902 में ही सामाजिक न्याय की नींव रख दी थी और अपने शासन में बहुजनों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया था। पिछड़े वर्ग को सशक्त करने के लिए माधव महाराज प्रथम ने पूरे ग्वालियर–चंबल के क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार के केंद्र खोले।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'प्लान-ठ' से बिहार में सियासी कोहराम

**लोक तंत्र की आवाज़**

● तेजस्वी और चिराग को भी टेंशन, भाजपा का 'सपना' रह जाएगा सपना!




**पटना।** नीतीश कुमार बिहार की राजनीति का वह नाम जिसे समझना और जानना, मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। नीतीश कुमार के साथ सियासत करने वाले भी कहते हैं कि अन्य नेताओं के सियासी चाल को आप देर–सबेर जान जाते हैं, लेकिन जेडीयू अध्यक्ष का अगला दांव क्या होगा, जानना नामुमकिन है। शायद यही कारण है कि आरजेडी प्रमुख लालू यादव गाहे–बगाहे कहते रहते हैं 'नीतीश के पेट में दांत है', और उस दांत को कब एक्शन में लाना है, इसका फैसला सिर्फ नीतीश कुमार सही समय पर लेते हैं। अब आप सच रहे होंगे कि हम नीतीश और दांत की बात क्यों कर रहे हैं, तो हम आपको बताते हैं।

**चर्चा में निशांत कुमारः** बिहार की राजनीति में आजकल नीतीश कुमार के बाद सबसे अधिक चर्चा हो रही है, उस शख्स का नाम निशंत कुमार। निशांत कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे हैं। चर्चा है कि निशांत अपने पिता की सियासी विरासत को संभालने को तैयार हैं। यूं कहा जाए तो नीतीश कुमार ने तैयार कर दिया है और सिर्फ लॉन्च करना है। दरअसल, कुछ दिन पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने विधानसभा चुनाव में अपने पिता का समर्थन करने की जनता से अपील की। यही से उनके राजनीति में आने की अटकलें तेज हो गई।

**सियासी विरासत को सुरक्षित करना चाहते हैं नीतीश ? :** बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार को सबसे बड़े 'सियासी सौदेबाज' कहा जाता है। समय के साथ बीजेपी और आरजेडी से 'डील' करते रहते हैं। यही कारण है कि समय के साथ दोस्त और विरोधी भी बदलते रहते हैं। बदलते समय के साथ नीतीश कुमार अपनी राजनीतिक विरासत को सुरक्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण बीजेपी है। बिहार में बीजेपी की बढ़ती ताकत से परेशान नीतीश कुमार जेडीयू की भविष्य को सुरक्षित करने को निशांत वाला दांव खेलना चाहते हैं। ताकि बीजेपी का सपना बिहार में सपना ही रहे।

**परिवारवाद की राह पर नीतीश कुमार! :** बता दें कि भारतीय राजनीति में परिवारवाद नया नहीं है। उत्तर प्रदेश और बिहार के यादव परिवारों से लेकर महाराष्ट्र के ठाकरे परिवार तक, क्षेत्रीय दल अपनी निरंतरता बनाए रखने के लिए पारिवारिक नेतृत्व पर निर्भर रहे हैं। दूसरी पंक्ति के नेतृत्व के बजाय पारिवारिक उत्तराधिकार को प्राथमिकता दी जाती है। अब तक नीतीश कुमार इससे बचते रहे हैं। लेकिन जब से निशांत कुमार का नाम सामने आया है तब से चर्चा हो रही है कि एक और परिवार अब सियासी विरासत की ओर अग्रसर है। हालांकि अभी तक सीएम नीतीश की ओर से इसको लेकर कोई ऐलान नहीं किया गया है।

**जेडीयू को जिंदा रखने का प्रयासः** राजनीतिक पंडितों का मानना है कि नीतीश कुमार का यह फैसला जेडीयू को जिंदा रखने का प्रयास भी हो सकता है। बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार की पहचान 'पलटीमार' की तौर पर भी है। 2013 में बीजेपी के साथ 17 साल पुरानी साझेदारी को समाप्त करने से लेकर 2015 में राजद और कांग्रेस में शामिल होने, 2017 में बीजेपी के साथ फिर से गठबंधन करने और 2022 में राजद के नेतृत्व वाले गठबंधन में लौटने, और फिर 2024 में एनडीए में फिर से शामिल होने तक का है। राजनीतिक 'यू–टर्न' ने नीतीश कुमार को एक राजनीतिक उत्तरजीवी के रूप में 'आलोचना और सम्मान' दोनों मिला है। हालांकि, इस तरह के पैंतरेबाजी ने बिहार की राजनीति में जेडीयू के भविष्य की स्थिरता और प्रासंगिकता पर भी सवाल उठाए हैं।

### बिहार में तेज हो जाएगी वंशवादी सियासी लड़ाई

प्रदेश के नेतृत्व में वर्तमान में दो राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं। राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव और लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान। निशांत का राजनीति में आते ही युवा मतदाताओं के लिए एक नए खिलाड़ी के रूप में एक और चेहरा मिल जाएगा। लेकिन यह उन लोगों को भी अलग–थलग कर सकता है जो वंशवादी राजनीति से मोहभंग हो चुके हैं। इसके अलावा, नीतीश कुमार की उत्तराधिकार योजना को वंशवादी राजनीति की ओर ले जा सकता है, जिससे जेडीयू अध्यक्ष अभी तक बचे हुए हैं।

# सीएम का ख्वाब देखने वालों पर एनडीए के नेताओं ने एक सुर में तेजस्वी यादव पर कसा तंज

**लोक तंत्र की आवाज़**

**औरंगाबाद।** बिहार में राजनीति के कुछ अज्ञानी लोग भी हैं जो मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे हैं और कहते हैं कि प्रदेश में विकास नहीं हुआ है. दरअसल विकास का मतलब ही उन्हें पता है और किसी मुगालते में हैं. सीएम का ख्वाब देखने वालों को 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद नेता प्रतिपक्ष के लिए भी सोचना होगा. ये बातें एनडीए के घटक दलों के प्रदेश प्रवक्ताओं ने एक स्वर में कही. सोमवार को एनडीए के सभी घटक दलों के प्रदेश प्रवक्ता औरंगाबाद जिला मुख्यालय में थे और प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे. प्रदेश प्रवक्ताओं ने 31 जनवरी को औरंगाबाद के गांधी मैदान में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन के उद्देश्यों व तैयारियों के बारे में जानकारी दी. कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा।

**क्या बोले एनडीए के प्रवक्ता :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह, जदयू के प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव, लोजपा रामविलास के प्रदेश प्रवक्ता राजेश भट्ट, हम के प्रदेश प्रवक्ता शंकर मांझी व रालोमो के प्रदेश प्रवक्ता राहुल कुमार मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में शामिल हुए. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दलों द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में नौ जिलों में कार्यक्रम हो चुका है. प्रदेश अध्यक्षों के नेतृत्व में कार्यकम चल रहा है. 31 जनवरी को औरंगाबाद में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. इसमें एनडीए के सभी घटक दल के प्रदेश अध्यक्ष औरंगाबाद के गांधी मैदान में मौजूद होंगें और प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के नेता, कार्यकता हजारों की संख्या शामिल होंगे।



जदयू प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार विकास की ओर अग्रसर है. विदेशी निवेशक भी बिहार के प्रति आकर्षित हो रहे हैं. लंदन की डेयरी भी बिहार में निवेश करने को तैयार है. आज प्रति व्यक्ति आय में भी बढ़ोतरी हुई. महिलाओं, बच्चों, वृद्धों, बेरोजगारों, मजदूरों, पिछड़े वर्ग आदि को आगे बढ़ाया गया. राजनीति के अज्ञानी लोग कहते हैं कि बिहार में विकास ही नहीं हुआ है. यहां हर क्षेत्र में काम हुआ. उन्हें विकास का मतलब ही नहीं पता है। रालोमो महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष अंजली कुशवाहा, पूर्व एमएलसी राजन कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, जदयू जिला उपाध्यक्ष अजिताभ कुमार उर्फ रिंकू सिंह, अशोक मेहता, सुनील चौबे, हम के जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह, लोजपा जिला प्रवक्ता रोहित सिंह, सूरज कुमार राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विशाल वैभव टैगोर, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र सिंह, लवकुश सिंह, टनटन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

**225 सीटें पर जीत का लक्ष्य हासिल करेगा एनडीएः** लोजपा रामविकास के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि बिहार में एनडीए 243 में से 225 सीटों से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगा. वैसे जनता ने 243 सीटों पर जीत दिलाने का मन बना लिया है. एनडीए की सरकार बिहार के चौमुखी विकास को लेकर कृत संकल्पित है. हमसभी बेहतर समन्वय के साथ विधानसभा चुनाव में 225 सीट पर जीत का लक्ष्य हासिल करेंगे.

# पीएम मोदी जल्द कर सकते हैं अमेरिका की यात्रा, डोनाल्ड ट्रंप ने खुद बताया समय

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका के दौरे पर जा सकते हैं। यहां पीएम मोदी अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनके आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे। ये जानकारी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ही दी है। बता दें कि इससे पहले सोमवार की रात पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भाग लिया था।



**फरवरी में हो सकती है यात्राः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को बताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके साथ बैठक के लिए संभवतः फरवरी में व्हाइट हाउस की यात्रा कर सकते हैं। ट्रंप ने पीएम मोदी को लेकर कहा– ₹आज सुबह (सोमवार) मेरी उनसे लंबी बातचीत हुई। सभी विषयों पर चर्चा हुई। वह संभवतः अगले महीने फरवरी में व्हाइट हाउस आएंगे। भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। आपको बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले कार्यकाल की आखिरी विदेश यात्रा भारत में ही की थी। ट्रंप के कार्यकाल में दोनों देशों के बीच काफी बेहतर संबंध थे। दोनों नेताओं ने 2019 में ह्यूस्टन और 2020 में अहमदाबाद में एक साथ रैलियों को संबोधित किया था। जब नवंबर 2024 में ट्रंप ने दोबारा राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता तो पीएम मोदी ट्रंप से बात करने वाले विश्व के तीन शीर्ष नेताओं में शामिल थे। सोमवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बात हुई है।

# कांग्रेस के मंच पर पहुंची कांशीराम की बहन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**इंदौर।** डॉ. आंबेडकर और संविधान के नारे पर महू में कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं की भीड़ सोमवार को जुटी। दो मुख्यमंत्री, कई पूर्व केंद्रीय मंत्री, युवा कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य सब एक ही मंच पर दिखे। रैली के अंत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी बसपा के संस्थापक कांशीराम की बहन स्वर्णकौर को लेकर भी पहुंचे। राहुल गांधी की बगल वाली कुर्सी पर बैठाया और फिर राहुल से मुलाकात करवाई।

कांग्रेस दलित–आदिवासी और पिछड़े को साधते हुए दिखी और पटवारी अपने केंद्रीय नेताओं को साधने की कोशिश में दिखे।

### जीतू पटवारी नंबर बढ़ाने में जुटे



**बिना पूर्व घोषणा के कांशीराम के स्वजनों को मंच पर बुलायाः** राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का भाषण खत्म होने के बाद कांशीराम फाउंडेशन की चेयरमैन और उनकी बहन स्वर्णकौर को मंच पर लाया गया। पटवारी ने उनका परिचय दिया। स्वर्ण कौर के साथ कांशीराम के भतीजे लखबीरसिंह भी थे। स्वर्णकौर ने राहुल गांधी के गले में नीला टुपट्टा डालकर कांशीराम की तस्वीर भेंट की। इस पर राहुल ने उन्हें गले लगा लिया। पटवारी ने बिना पूर्व घोषणा के जिस तरह कांशीराम के स्वजनों को मंच पर बुलाया उससे माना जा रहा है कि वे भी आलाकमान की नजर चढ़ने के लिए उन्हीं के फार्मूले को अपना रहे हैं। पटवारी ने लोकसभा की हार के जिस अंदाज में माफी मांगी और आगे संगठन कसने का वादा किया। ऐसे में पटवारी ने एक तरह से अपने लिए काम करने की ओर मोहलत मांगी।

**प्रदेश की भीड़ और कबीर के भजनः** डॉ. आंबेडकर की नगरी में होने वाले इस आयोजन में भीड़ जुटाकर ताकत दिखाना प्रदेश कांग्रेस के लिए चुनौती माना जा रहा था। बहुत हद तक कांग्रेस इसमें सफल होती दिखी। कांग्रेस ने आयोजन के मंच को अलग अंदाज में बनाया था। मुख्य मंच के अगल–बगल दो मंच बने थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 76वें गणतंत्र दिवस पर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक रामनगर शाखा में फहराया गया राष्ट्रध्वज



**आर्यन मोहन**
**नवादा।** शहर में रविवार को धूम धाम से 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया ।दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक रामनगर शाखा में क्षेत्रीय प्रबंधक विपुल सौरभ एवं शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से राष्ट्रध्वज फहराया तथा झंडे को सलामी दी ।इस मौके पर बैंक अधिकारियों, ग्राहकों, सेवानिवृत्त कर्मियों एवं मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक विपुल सौरभ ने गणतंत्र दिवस की लोगो को शुभकामना दी ।साथ ही कहा कि कि देश की आजादी के बाद इसे चलाने के लिए संविधान बनाया गया था। आज के ही दिन 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ था। जिसे हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते है ।शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार ने भी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी ।इस मौके पर कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक विपुल सौरभ ,शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार, मौके पर वरीय प्रबंधक रणधीर कुमार,सेवानिवृत्त सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रमोद सिंह, परमेश्वर चौधरी, तुलसी रजक, राजीव नयन, रविंद्र झा,राम नगर शाखा की पूजा कुमारी,मनोज कुमार एवं रघु कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पंच- सरपंच अधिकार रैली में सरपंच संघ हिसुआ के अध्यक्ष मनोज कुशवाहा का हुआ जोरदार स्वागत



**हिसुआ( नवादा)।** मंगलवार को पटना स्थित मिलर हाईस्कूल के मैदान में 11सूत्री मांगो को लेकर अधिकार रैली में नवादा जिला से सैकड़ों लोग पटना पहुंचे एवं अपनी आवाज बुलंद किया। इस कार्यक्रम में हिसुआ प्रखण्ड से प्रखंड अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष मनोज कुशवाहा के नेतृत्व में विश्वनाथ प्रसाद, सुधीर चौधरी, श्यामसुंदर सिंह, भरत सिंह,लालो मोची, संजय चौधरी, नीरज कुमार सहित सभी 10पंचायत के प्रतिनिधि शामिल हुए , जिन्हें प्रदेश नेतृत्व ने जोरदार स्वागत किया। पटना में स्वागत के लिए हिसुआ के डॉ. बिपिन कुमार, डॉ.रमेश प्रसाद, मुसाफ़िरि कुशवाहा,दिलीप कुमार, मनोज कुमार सिद्धू, दिलीप कुमार, संतोष यादव, बीरेंद्र कुमार, सूरज कुमार सहित दर्जनों लोगों ने बधाई व शुभकामना दिए हैं।

### सिरदलाः सरस्वती पूजा व शब ए बारात पर्व को लेकर थाने में की गई शांति समिति की बैठक



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला नवादा।** शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा एवं शब ए बारात पर्व संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को सिरदला एवं परना डाबर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार, एवं अंचलाधिकारी अभिनव राज, थाना अध्यक्ष संजीत राम व रंजन चौधरी की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में क्षेत्र में मनाए। इसके लिए सभी पूजा कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। पूजा स्थान व जुलूस में डीजे पर प्रतिबंध है। उन्होंने पूजा कमेटियों से हुड़दंगियों पर नजर रखने, व पुलिस को तुरंत सूचना देने की बात कही। इसके अलावा बिना लाइसेंस लिए पूजा की अनुमति नहीं दी जाएगी। पूजा स्थल पर डीजे का उपयोग नहीं करना है। बिना किसी ताम झाम के ही प्रतिमा विसर्जन की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल में प्रशासन के अधिकारी व पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगे।मौके पर समाजसेवी व राजद जिला सचिव राजेश कुमार, सिरदला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि कैलाश स्वर्णकार,एस आई प्रियेश कुमार विद्यार्थी, संजय कुमार द्विवेदी, एस आई संजय कुमार, एस आई पूजा कुमारी, सहित दर्जनों प्रतिनिधि व बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

# स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से पैक्स चुनाव, डीएम-एसपी ने संयुक्तादेश जारी

लोक तंत्र की आवाज




**सुनील कुमार**
**नवादा।** पैक्स निर्वाचन-2025 का मतदान कार्य स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0)-सह-जिला दंडाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। पैक्स निर्वाचन 2025 के अवसर पर नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड में बारत पैक्स, अकबरपुर में बरेव तथा बड़ैल पैक्स, वारिसलीगंज में मकनपुर पैक्स एवं नवादा सदर अन्तर्गत गोनावां नगर एवं फरहा नगर पैक्स का मतदान दिनांक 29.01.2025 (बुधवार) को निर्धारित है। मतदान 07:00 बजे पूर्वा0 से 04:30 बजे अप0 तक सम्पन्न होगा।

पैक्स निर्वाचन में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों को स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी ढ़ंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गए हैं। मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारी स्टैटिक दंडाधिकारी की शक्ति से लैस रहेंगे तथा मतदान केन्द्र के अन्दर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, ब्रज वाहन, अग्निशमन, दस्ता, चिकित्सीय दल के साथ एम्बुलेंस की तैनाती की गयी है। जिला नियंत्रण कक्ष मतदान की पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखेगा। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नं-06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्री संजय कुमार अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा एवं श्रीमती निरूपमा शंकर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, नवादा रहेंगी। पुलिस पदाधिकारी के रूप में पु0नि0 राजु कुमार प्रभारी ईआरएसएस नवादा रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष दिनांक 28.01.2025 एवं 29.01.2025 को 06:00 बजे पूर्वा0 से निर्वाचन प्रक्रिया की पूर्ण रूपेण समाप्ति तक कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष में पालीवार दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है साथ ही कुल 05 सुरक्षित दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अपने स्तर से अस्थायी नियंत्रण कक्ष आवश्यकतानुसार स्थापित करेंगे। अनुमंडल दंडाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली अपने स्तर से संबंधित मतदान केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में बीएनएसएस की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा घोषित करेंगे। सभी पीठासीन पदाधिकारी-सह-स्टैटिक दंडाधिकारी को निदेश दिया गया है कि मतदान केन्द्र एवं उक्त परिधि के अन्तर्गत अशांति फैलाने वाले असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। पैक्स निर्वाचन 2025 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारित करने हेतु संबंधित प्रखंडों में सुपर जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है, साथ ही सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। सिविल सर्जन, नवादा को निर्देश दिया गया है कि मतदान से संबंधित प्रखंडों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक-एक चिकित्सक एवं एक-एक कम्पाउंडर एवं एम्बुलेंस की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।पैक्स निर्वाचन 2025 के अवसर पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा-02/रजौली जिला विधि-व्यवस्था संधारण हेतु अपने-अपने क्षेत्र में वरीय प्रभार में रहेंगे। साथ ही चुनाव के दिन संबंधित अनुमंडल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने हेतु एहतियाती कार्रवाई करेंगे।

## मां सरस्वती की मूर्तियों को स्वरूप देने में जुटे मूर्तिकार

लोक तंत्र की आवाज



**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र में आगामी तीन फरवरी को बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा की तैयारी जोर शोर से चल रही है ।सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में में सरस्वती की पूजा होती है ।इसे लेकर मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हैं ।कोई मूर्ति का ढांचा बनाने में व्यस्त है तो कोई बने हुए ढांचे में मिट्टी से आकृति को अंतिम रूप दे रहा है ।इस पर्व की तैयारी महीनों पहले से शुरू हो जाती है ।क्योंकि उस समय मूर्ति की इतनी ज्यादा मांग होती है कि लोगों को कलाकार मूर्ति दे नहीं पाते हैं ।इस कारण कलाकार महीनों पहले से मूर्ति बनाना चालू कर देते हैं ।ताकि पूजा के अवसर पर कोई भी खाली हाथ ना लौट पाए। रजौली बाजार के जगदीश मार्केट में करीब 20 सालों से मूर्ति बना रहे मूर्तिकार बड़ी संख्या में मां सरस्वती की मूर्ति बनाते नजर आ रहे है ।मूर्तिकार लक्ष्मण पंडित ने बताया कि इस वर्ष नए-नए डिजाइन की मूर्ति बना रहे हैं ।इन मूर्तियों में मां हंस, कमल, शंख, चक्र , रथ, वीणा, पुस्तक आदि पर विराजमान हैं। जिससे मां का रूप भव्य लग रहा है। कुछ साल से लोगों की डिमांड नटराज मूर्ति की काफी ज्यादा है। इसकी फिनिशिग काफी अच्छी होती है ।इसमें सिर्फ मिट्टी के उपर पेंटिंग की जाती है ।जिस कारण मूर्ति को दूर से देखने से ही लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं ।बताया कि मूर्ति की बुकिंग एक महीने पहले से ही शुरू हो गई है ।पिछले साल की तुलना में इस साल मूर्ति की बुकिंग काफी ज्यादा है।

## बारत पैक्स चुनाव को लेकर मतदान आज, सुरक्षा पुख्ता इंतजाम

लोक तंत्र की आवाज

**मेसकौर(नवादा )।** प्रखंड क्षेत्र के बारत पैक्स चुनाव को लेकर मेसकौर प्रशासन की तरफ से पुरी तैयारी कर ली गई है। चुनाव में विधि-व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। बारत पैक्स चुनाव को लेकर शिवगंज में बूथ को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। बूथ पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। मेसकौर बीडीओ पंकज कुमार ने पैक्स चुनाव को लेकर कहा कि पैक्स चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इन्होंने यह भी कहा कि बारत पंचायत में चुनाव भयमुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा बूथों पर मतदाताओं को मतदान केंद्र में प्रवेश से लेकर मतदान व निकास तक किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है।

## सरस्वती पूजा को लेकर रजौली थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

लोक तंत्र कीआवाज

**रजौली (नवादा)।** थाना परिसर में मंगलवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।जिसका अध्यक्षता एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने किया।इस दौरान एसडीपीओ गुलशन कुमार व सीओ गुफरान मजहरी व प्रभारी थानाध्यक्ष अजय कुमार उपस्थित थे।बैठक में प्रखंड के जन प्रतिनिधि व पूजा लाइसेंसधारी शामिल हुए।एसडीओ ने उपस्थित लोगों से सरस्वती पूजा शांति पूर्वक मनाने कि अपील की किया है।सरस्वती पूजा के लिए सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना आवश्यक है।सभी लोग निर्धारित तिथि के पूर्व अपना लाइसेंस बनवा लें।एसडीपीओ ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजेगा।अश्लील गाना नहीं बजने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया है।जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।डीजे को जब्त कर डीजे मालिक और पूजा लाइसेंसधारी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।सीओ ने उपस्थित लोगों से पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा का दायित्व देते हुए पूजा तथा विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा गया।कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया।शांति समिति के बैठक के मौके पर एएसआइ पवन कुमार, नवनित कुमार, एसआइ इंद्रदेव राय, शमीम खान, मुखिया विनय सिंह, ईश्वरी साव के साथ दर्जनों प्रतिनिधि मौजूद थे।

## बिहार के तीन विभूतियों को पध भूषण सम्मान मिलना बल्कि पूरे बिहारवासियों के लिए गर्व का विषय है

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** बिहार के तीन विशिष्ट विभूतियों को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया जाना न केवल उनके योगदान की सराहना है, बल्कि पूरे बिहारवासियों के लिए गर्व का विषय है। पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी, लोकगीत गायिका स्वर्गीय शारदा सिन्हा, और पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं धार्मिक न्याय बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष किशोर कुणाल ने अपने-अपने क्षेत्रों में अद्वितीय योगदान दिया है। इन तीनों महान विभूतियों को पद्म भूषण सम्मान मिलना बिहार की सांस्कृतिक, राजनीतिक और धार्मिक विरासत का सम्मान है।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस उपलब्धि पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि इन विभूतियों को सम्मानित कर सरकार ने न केवल बिहार बल्कि देश की अनमोल धरोहरों को भी मान्यता दी है। सुशील कुमार मोदी ने अपने राजनीतिक जीवन में बिहार को नई दिशा दी, जबकि शारदा सिन्हा ने अपने गीतों के माध्यम से बिहार की लोकसंस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया। वहीं, किशोर कुणाल ने धार्मिक और सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सद्भाव और एकता की भावना का प्रसार किया।यह सम्मान इन विभूतियों के कार्यों और योगदान की मान्यता है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। बिहारवासियों के लिए यह गौरव की बात है कि उनके राज्य के ऐसे व्यक्तित्वों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय ने देश के सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को मजबूती प्रदान की है। खुशी का इजहार करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, सुनील बंबईया ,मंटू कुमार वह ज्यादा बबलू गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित हुए हैं।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयन्ती अखील भारतिय मूल अतिपिछड़ा बुद्धिजीवी मंच के सौजन्य में मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज



**आर्यन मोहन**
**नवादा।** जिले में मंगलवार को नगर भवन नवादा में गरिबों के ठाकुर भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयन्ती अखील भारतिय मूल अतिपिछड़ा बुद्धिजीवी मंच के सौजन्य से मंच के सम्मनित राष्ट्रीय अध्यक्ष डा० के०पी० सिंह के नेतृत्व में मनाया गया।कार्यक्रम में नवादा जिला से पाँचों विधान सभा क्षेत्र से सोसित दलीत वंचित एवं अतिपिछड़ा परिवार हजारों-हजार की संख्या में नगर भवन में मौजूद रहे तथा हजारों-हजार लोग नगर भवन के प्रागर्ण में हजारों कि संख्या में लोग मौजूद रहे। जिसमें जिले के मूल अतिपिछड़ा समाज तेईस जातिओं के गोल बंदी के साथ डा० के०पी० सिंह ने मूल अतिपिछड़ों के हक-हुकुक एवं मौलिक अधिकारों के लिए आवाज बुलंद किये, आजादी के 788 वें वर्ष बीत जाने के बाद भी नवादा लोक सभा क्षेत्र से न कोई सांसद न कोई विधायक बना है। जबकि हमारी अतिपिछड़ों की आबादी 40 प्रतिशत है। हमारी भागीदारी नग्न है। मूल अतिपिछड़ों को संबोधित करते हुए जन नायक कपूरी ठाकुर के विचार धारा पर चलने का अहवान किये. आगामी विधान सभा चुनाव में राजनैतिक दल अतिपिछड़ों को मान-सम्मान नहीं देता है तो पाँचों विधान सभा पर मूल अतिपिछड़ों को उतार कर कड़ी चुनौती देने का काम किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के विभिन्न-विभिन्न जातियों के पदाधिकारीयों ने डा० के०पी० सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का अहवान किये, इसी संदर्भ में नवादा जिला के विकाश के लिए गंभीर चिंता जाहिर करते हुए निम्न माँगों को लेकर, शासन प्रशासन और सरकार को ध्यान आकृ ष्ट कराने के लिये आवाज उठाये लोक नायक जय प्रकाश की कर्मभूमी सोखोदेवरा आश्रम में जे०पी० के नाम पर पुषा की तरह कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाय, रउ/रळ की तरह अतिपिछड़ा अत्याचार निवारण कानून प्रदान की जाय, नवादा खूरी नदी का सौन्दर्याकरण संरक्षण, गोविन्द पूर विधान सभा में तीन डीग्री कॉलेज की स्थापना, जी रोहणी आयोग कमीशन को सार्वजनिक कर लागू करने का माँग उठाये। इसी संदर्भ में समाज कल्याण के अनेको प्रकार के मुदा सम्मिलित रहे।इस मौके पर संगठन के संस्थापक सदस्य- जहीर अनवर, अनवर भट, भोला सिंह, प्रमोद चन्द्रवंशी, प्रमोद मण्डल, कैलाश विश्वकमी उपेन्द्र कु० अधिवक्ता, मिथलेश चौहान, डा० रविशंकर शर्मा, अरविन्द आदर्शी, राजकुमाः शर्मा, शमीम मंसुरी, कमलेश सैनी, कृष्णा प्रसाद, सुनील पंडित अधिवक्ता, मिलन सिंह चन्द्रवंशी, मनोज़ केवट, पंकज शर्मा, उमेश पाल, डा० इश्रत प्रवीण, दिनेश ताँती, मुखिया एवं मुखिया एवं जिला पार्षद प्रमुख एवं गण्यमान लोग उपस्थित रहें।

## गणतंत्र दिवस पर ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, छात्रों ने बिखेरे जलवे

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**
**नवादा।** 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर जिले के हिसुआ अंदर बाजार स्थित ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में झंडोत्तोलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत एवं कई कई कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर विद्यालय के निदेश और प्राचार्य द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देश भक्ति गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक प्रो॰ सुदेश लाल ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक और अविभावक मौजूद थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति के गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। एकल-सामूहिक गीत और नृत्य से लोग काफी उत्साहित रहे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा हौसलाअफजाई करते हुए विभिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य सुधीर कुमार ने कहा गणतंत्र दिवस की तैयारी बच्चों द्वारा पूर्व से की जा रही थी। कुशल संगीत शिक्षकों एवं रंगकर्मी द्वारा बच्चों को तैयारी की गयी थी। जिसका अनुकरण कर देशभक्ति का मिशाल पेश करते हुए बच्चों ने कई प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अशोक सिंह ,श्रवण कुमार ,चिंटू कुमार, रवि कुमार ,डॉली कुमारी ,वंदना कुमारी ,अंजली कुमारी समेत अन्य शिक्षकों ने सहयोग किया।

## हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता का विजेता बना कुंती नगर विद्यालय

लोक तंत्र कीआवाज





**सुनील कुमार**
**नवादा।** दक्षिण बिहार एवं नवादा के प्रतिष्ठित विद्यालयों में से एक मॉडर्न इंगलिश स्कूल कुंती नगर नवादा के खेल मैदान में हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता का विजेता मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर बना। इस आयोजन में नवादा मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अंतर्गत संचालित होने वाले विद्यालयों में से मॉडर्न इंगलिश स्कूल न्यू एरिया एवं मॉडर्न इंगलिश स्कूल कुंती नगर के वर्ग आठवीं से लेकर 12वीं तक तक के बालिका वर्ग के खिलाड़ियों के बीच हो रहा था। फाइनल मैच की शुरुआत मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ अनुज सिंह के द्वारा फीता काटकर एवं टॉस करके किया गया। मंगलवार को खेले गए बालिका वर्ग में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया और मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया को बालिका वर्ग में कुंती नगर की टीम ने 13-10 से पराजित कर विजेता बना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मॉडर्न समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने कहा कि हैंडबॉल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आत्मविश्वास बहुत ज़रूरी है। यह खेल मनोवैज्ञानिक खिलाड़ियों के साथ मिलकर उनकी क्षमताओं में आत्मविश्वास और आत्मविश्वास पैदा करता है। सकारात्मक आत्म-चर्चा, लक्ष्य निर्धारण और इमेजरी तकनीकों के माध्यम से, एथलीट आत्म-संदेह पर काबू पाना और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना सीखते हैं।हैंडबॉल एक टीम खेल है जिसमें खिलाड़ियों के बीच प्रभावी संचार, सहयोग और सामंजस्य की आवश्यकता होती है। एक खेल मनोवैज्ञानिक टीमों के साथ मिलकर उनके पारस्परिक गतिशीलता को बेहतर बनाने, संघर्षों को सुलझाने और विश्वास और सौहार्द बनाने के लिए काम करता है। एक सहायक टीम के माहौल को बढ़ावा देने और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने से, खिलाड़ी कोर्ट पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं। फाइनल मैच में न्यू एरिया विद्यालय की कप्तान वैष्णवी ने सबसे सबसे अधिक 8 गोल करके बेस्ट स्कोर का खिताब अपने नाम किया। मैच ऑफ़ द प्लेयर का किताब कुंती नगर की खिलाड़ी काजल को दिया गया एवं बेस्ट गोलकीपर का किताब न्यू एरिया के खिलाड़ी अवनि वत्स को दिया गया।कुंती नगर के कप्तान जानवी ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए खेल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच के उपरांत सभी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा विजेता एवं उपविजेता को ट्रॉफी देकर खिलाड़ियों का फैसला बढ़ाया गया। हैंडबॉल के आयोजन में विद्यालय के वरिष्ठ खेल शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अलखदेव प्रसाद यादव, धर्मवीर सिंहा राकेश कुमार , मनीष कुमार,कल्पना कुमारी एवं नीतीश कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## गया कॉलेज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महीना की शुरुआत किया गया

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** गया कॉलेज गया ने मनाया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महीन। ज्ञात हो कि आज गया कॉलेज गया, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं आईडीटीआर, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर ₹सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा₹ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो सतीश सिंह चंद्र एवं इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च संस्थान, औरंगाबाद के यूनिट हेड जगरनाथ यादव द्वारा किया गया है। प्राचार्य ने उद्घाटन भाषण में छात्र-छात्राओं एवं समस्त महाविद्यालय से जुड़े लोगों को से अपील की कि आप सब वाहन चलाते समय उचित नियमों का पालन करें जिससे कि हम किसी भी दुर्घटना के शिकार ना हो । वाहन को नियंत्रित गति में ही चलाएं ,ओवर स्पीड गाड़ी चलाने का प्रयास न करें। आप अगर अपनी सुरक्षा करेंगे तब पूरा परिवार सुरक्षित रहेगा मंच का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने किया है। आज के कार्यक्रम को संबोधन करते हुए गया ट्रैफिक प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने यातायात के नियमों को विद्यार्थियों से रूबरू कराया है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गौरव अभिषेक ने पीपीटी के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया और एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया है ।जिसके माध्यम से सवाल जवाब करके ट्रैफिक के नियमों को समझाया गया है ।बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया है। आईडीटीआर के तरफ से एडमिन विपिन करण, विद्यासागर विद्यार्थी और सोनू सिंह उपस्थित थे। ट्रैफिक पुलिस की महिला इंस्पेक्टर गुड़िया कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप सुधरेंगे तो पूरा समाज आपसे प्रेरणा लेकर कोई गलती नहीं करेगा जिससे दुर्घटना में कमी आएगी।विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए वीडियो क्लिप दिखाए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**घनश्याम तिवारी**

**बलिया ।** जिलाधिकारी के आदेशा तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूरा होने पर लड़कों और पुरुषों का लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन सतीश चंद्र कॉलेज बलिया में आयोजित किया गया । जिसके अंतर्गत प्रोफेसर बीङ्क एनङ्क पाण्डेय प्रधानाचार्य और मनोसामाजिक परामर्शदाता पूजा सिंह के द्वारा बच्चों से लिंग संवेदीकरण पर चर्चा किया गया । जिसके उपरांत वन स्टॉप सेंटर की सामाजिक परामर्शदाता पूजा सिंह के द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा घरेलू हिंसा,बाल विवाह , बाल श्रम और संचालित विभिन्न का कल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना सामान्य स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना,वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली एवं उनसे प्राप्त होने वाले सुविधाओं तथा चाइल्ड हेल्पलाइन, बच्चियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दिया गया। सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1090, 1098 1076, 102, 108, 181 के बारे में भी समस्त छात्रों को बताया गया । कार्यक्रम में डॉ माला कुमारी, ,वन स्टॉप सेंटर से पूजा सिंह, बैजंतीमाला, मनोज,अरविंद चौबे तथा चाइल्ड हेल्पलाइन से अंजली सिंह और विद्यालय की अध्यापकीकाएं तथा छात्राएं आदि लोग उपस्थित रही।

### जिलाधिकारी ने वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण



**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस के प्रत्येक तल के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कक्ष का निरीक्षण एवं लॉग बुक का अवलोकन किया इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह तथा मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन उपस्थित रहें।

### एसपी के साथ एएसपी ने पुलिस लाईन उरई में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 2023 के अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा की



**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के साथ पुलिस लाइन उरई में आयोजित उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 के अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) को सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत भ्रमण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

### जालौन भिंड मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बेकाबू होकर सुडार पुलिया पर ट्रैक्टर में मारी जोर दार टक्कर

**जालौन उरई।** बंगरा रोड पर सुढ़ार पुलिया के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर आगे जा रहे ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। मध्य प्रदेश के जनपद भिंड के थाना लहार निवासी आकाश दुबे पुत्र विनोद, ऋषभ सोनी पुत्र मुकेश व लक्ष्मी सोनी पत्नी मुकेश कार से किसी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जब उनकी कार बंगरा मार्ग पर सुढ़ार पुलिया के पास पहुंची तो तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर आगे जा रहे ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना जब छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी मदनपाल को मिली तो वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने ट्रैक्टर व दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर खड़ा कराया है।

# प्रयागराज : महाकुंभ में भीड़ ने तोडा रिकॉर्ड, हाईकोर्ट और स्कूल बंद, जारी हुआ हाईअलर्ट, जोनल प्लान लागू

**लोक तंत्र कीआवाज**



**मुकेश कुमार,की रिपोर्ट ,प्रभारी यूपी प्रयागराज।** महाकुंभ का सबसे खास स्नान मौनी अमावस्या 29 जनवरी को है। इस मौके पर 10 करोड़ से ज्यादा लोगों के डुबकी लगाने की संभावना है। मौनी अमावस्या से पहले श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ को देखते हुए सोमवार को रातभर सभी विभागों के अफसरों ने कई राउंड मीटिंग की। भीड़ को कैसे संभालेंगे? सुरक्षा में क्या चुनौती आ रही? उसका समाधान कैसे होगा? इन्हीं मुद्दों पर मंथन हुआ। आज सुबह फिर एडीजीजोन भानु भास्कर और कमिश्नर ने सभी विभागों के अफसरों की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। डीएम सीआरपीएफ, आइटीबीपी, पुलिस, रेलवे आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। हाई अलर्ट जारी किया गया है। आज स्थिति ऐसी है कि सड़कें-गलियां सब फुल हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि पार्किंग या स्टेशन से संगम पैदल आना पड़ रहा। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर पुलिस रोक दे रही है। 20 किमी पैदल चलना पड़ रहा है। कई जगह भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। संगम से 15 किमी तक का एरिया जाम है। अब इतनी ज्यादा भीड़ को नियंत्रित कैसे किया जाएगा और सभी लोग सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से स्नान कैसे करेंगे, इसके लिए मेला प्राधिकरण ने फुल प्रूफ प्लान तैयार किया है। महाकुंभ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा जिला बन गया। आज प्रयागराज की आबादी साढ़े 4 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। मंगलवार को अभी तक 3.90 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इसमें अगर जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाए, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 4.60 करोड़ रिकॉर्ड की गई। ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर भी 4.20 करोड़ लोगों के साथ प्रयागराज विश्व का सबसे बड़ा जिला बनने का रिकॉर्ड बना चुका है। उधर, मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर होने वाली भीड़ के कारण हाईकोर्ट की प्रधान पीठ, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट), जिला न्यायालय और नगर क्षेत्र के 12वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई हैं। रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ में 28 और 30 जनवरी को अवकाश रहेगा। इसके स्थान पर 17 मई और 23 अगस्त को कार्य दिवस होगा। सोमवार को हाईकोर्ट खुला लेकिन आवागमन में परेशानी से नो एडवर्स ऑर्डर का प्रस्ताव भी रहा। कैट बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र नायक ने बताया कि प्रधान पीठ की डिप्टी रजिस्ट्रार कंचन शर्मा की अधिसूचना के अनुसार प्रयागराज पीठ में 28 से 30 जनवरी तक अवकाश रहेगा। इसके स्थान पर 5 एवं 26 अप्रैल और 3 मई कार्य दिवस होगा। जिले के बारहवीं तक के सभी बोर्ड के स्कूल 28 से 30 जनवरी तक बंद रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी ने केवल नगर क्षेत्र के स्कूल बंद करने पर आपत्ति की है। जिला कचहरी में 28 और 29 जनवरी को अवकाश रहेगा। जिला अधिवक्ता संघ के मंत्री दिनेश चंद्र पांडे ने बताया कि 29 को पूर्व में ही अवकाश घोषित किया गया था लेकिन 28 जनवरी को विशेष रूप से यह अवकाश घोषित किया गया है।

**जोनल प्लान लागू, जिस दिशा से आएं उधर ही करें स्नान:** महाकुंभ का सबसे महत्वपूर्ण मौनी अमावस्या का स्नान 29 जनवरी को है। अनुमान के विपरित शनिवार से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ मेले में आ रहे हैं। इसे देखते हुए प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जो जोनल प्लान तैयार किया था, उसे मजबूरन दो दिन पहले सोमवार से ही लागू कर दिया गया।इस प्लान के मुताबिक पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित करते हुए मेला क्षेत्र में गाड़ियों के प्रवेश को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं,अलग-अलग मार्गों से ट्रेन, बस, निजी साधन या फिर हवाई मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान का प्रबंध उसी दिशा की ओर के घाटों पर किया गया है, जिस ओर से श्रद्धालु आएंगे।

## सेंट मैरी स्कूल में फेयरवेल का आयोजन किया गया

**लोकतंत्र की आवाज़**




**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**

**बिजनौर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजनौर सेंट मैरी स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की विदाई के लिए समारोह का आयोजन किया गया। 11वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों को विभिन्न उपाधियां दी गईं। इस दौरान रिद्धि चावला को मिस सेंट मेरी और हर्षित कुमार को मिस्टर सेंट मेरी का खिताब दिया गया। कार्यक्रम में आदरणीय बिशप विंसेंट विशिष्ट अतिथि रहे और उन्होंने12वीं के छात्रों को उनके सफल जीवन के लिए शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिया । छात्रों के लिए सूक्ष्म जल पान की व्यवस्था भी की गई । जिसके उपरांत छात्रों ने डांस कर माहौल को और भी खुशनुमा और यादगार लम्हो में परिवर्तित कर दिया। आदरणीय बिशप विंसेंट ने छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उनकी सफलता की कामना की। विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर प्रधानाचार्या सिस्टर रिन्सी,सिस्टर प्रसन्ना, सिस्टर अमला ०सिस्टर एंजेल सहित स्कूल के स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## उरई : नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान रहा बेअसर

**लोकतंत्र की आवाज**



**उरई।** नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान सिर्फ दो दिन में ही दम तोड़ता दिख रहा है। पेट्रोल डलवाने के लिए बाइक चालक आसानी से बिना हेलमेट के पेट्रोल डलवा रहे हैं। जबकि पंप संचालकों ने नुकसान से बचने के लिए स्वयं ही नियमों को धता बता दिया है। इसे लेकर शहर के अंदर पेट्रोल पंपों पर पड़ताल की गई तो कई जगह पर बिना हेलमेट के लिए पेट्रोल भरता दिखा, तो कई जगह पर कर्मी खुद हेलमेट देकर पेट्रोल भर रहे थे। पैट्रोल कर्मचारी पेट्रोल भरवाने के लिए दूसरे से हेलमेट लेता युवक। पढ़ने जाने का बहाने भराया पेट्रोल शहर के साथी फिलिंग पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के किशोर स्कूटी में पेट्रोल डलवाते दिखे। यह स्कूल जा रहे थे, उन्होंने बहाना बनाकर पेट्रोल भरवा लिया। वहीं कुछ लड़कियां भी पेट्रोल भरवाने के लिए बिना हेलमेट के पहुंची। उन्हें पेट्रोल मिल गया। जब एआरटीओ जांच करने पहुंचे तब पेट्रोल देना बंद कर दिया गया। वहीं संचालक अनुराग सिंह ने बताया कि कोचिंग होने से बच्चे पेट्रोल के लिए लड़ने लगते हैं। स्कूल लेट होने या पेपर में देरी होने का बहाना बनाते हैं। इसलिए उन्हें पेट्रोल दे दिया गया होगा। पाकी बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। जालौन , कालपी, ऐट कोंच कस्बे में बिना हेलमेट पेट्रोल भरवाता सवार कॉच रोड पर बिना हेलमेट पेट्रोल भरवाता बाइक सवार पेट्रोल पंप पर देखने को मिला जुगाड़ शहर के वो-मार्ट के सामने बने अमर नाथ एंड संस पेट्रोल पंप पर जुगाड़ व्यवस्था देखने को मिली। पेट्रोल भरवाने के लिए जो बाइक चालक हेलमेट नहीं लिए थे, उन्हें दूसरे का हेलमेट लेने की सलाह दी गई। कर्मचारियों के सामने ही बाइक चालकों ने हेलमेट लगाए तो उन्हें पेट्रोल दे दिया गया। कारें, कर्मचारियों के पहचान वाले दोपहिया वाहन चालक आए तो उन्हें पेट्रोल पंप के अंदर से हेलमेट दिया गया। संचालक राजीव रिहा ने बताया कि धीरे-धीरे व्यवस्था में सुधार होगा। अगर कोई बीमार आ रहा है या किसी से हेलमेट लेकर आ रहा है ती उसको कैसे रोके। स्कूटी में बिना हेलमेट के पेट्रोल भरवाते किशोर। संक्ष्एकदम से कोई सुधार नहीं हो सकता कोच कस्बे के बीच में बने पेट्रोल पंप पर दिनभर बिना हेलमेट के बाइक सवारों को पेट्रोल दिया गया। जबकि कई बाइक सवार तीन सवारी भी थे। इसके बाद भी हेलमेट नहीं लगाए थे, उन्हें भी पेट्रोल आसानी से दिया गया। पंप को देखरेख में लगे कर्मचारी केशव बनेले ने बताया कि इस नियम के बाद हेलमेट लगाने वालों की संख्या बढ़ी है। लेकिन धीरे-धीरे ही लोग जागरुक होंगे। एकदम से कोई भी अभियान पूरा नहीं हो सकता है। धीरे-धीरे ही व्यवस्था में सुधार होगा।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने हेतु जनपद में खाद्य पदार्थों की दुकानों पर छापे मारी कर भरे नमूने

**लोक तंत्र की आवाज**



**उरई।** आयुक्त महोदय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उ0प्र0 व जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन के अभिहित अधिकारी डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेत्वृत में जनपद की तहसीलों में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर छापामार कर निम्नलिखित कार्यवाही करते हुये दूध, दुग्ध पदार्थो एवं अन्य खाद्य पदार्थो के नमूनें संग्रहीत किये गये। गगन डेयरी मदनेपुर कुठौन्द के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध के 02 नमूनें। भोलेबाबा डेयरी कुठौन्द के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध के 02 नमूनें। राधे डेयरी मदनेपुर कुठौन्द के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। माधौगढ़ स्थित मॉ जालौन देवी के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ धनिया पाउडर का नमूना संग्रहित किया गया। जालौन तहसील में स्थित विवेक अग्रवाल के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ रस्क का नमूना। जालौन रोड़ कुकरगॉव से दूध फेरी लोकेन्द्र पाल पुत्र श्री फूल सिंह पाल से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। जालौन रोड़ कुकरगॉव से दूध फेरी भगवान सिंह पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। जालौन चौराहा से दूध फेरी शफीक से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। जालौन रोड़ कुकरगॉव से दूध फेरी साहब सिंह पुत्र श्री बटई सिंह से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। उरई नगर पालिका स्टेशन रोड़ स्थित दीपक टेन्डर्स के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ डेयरी मिक्स व मैदा का नमूना। उरई नगर पालिका में सब्जी मण्डी स्थित सांई कन्फैक्शनरी से खाद्य पदार्थ कस्टड पाउडर का नमूना।उक्त नमूनों को जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अर्न्तगत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। टीम में डॉ0 जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य)- मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री प्रेम कुमार त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार शंखवार, श्री कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार, महेश प्रसाद मौजूद रहें।

## बिजनौर में राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा कैम्प कार्यालय पर बड़े ही धूमधाम से बनाया गया गणतंत्र दिवस

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा रविवार को अपने ही कैंप कार्यालय बुढ़नपुर बिजनौर उत्तर प्रदेश पर 76 वे गणतंत्र दिवस का उत्सव बड़े ही धूमधाम से बनाया गया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में कार्यकर्ता व पदाधिकारी द्वारा 76 वे गणतंत्र दिवस झंडा फहराया गया। और पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। और तिरंगे को सलाम किया गया। तथा और दिव्यांगों के साथ- साथ गणमान्य लोगों व समाजसेवी ने भी हिस्सा लिया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारी उस्मान चांद द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तथा कार्यक्रम में अतिथि आए एसोसिएशन के पदाधिकारियों की कार्यक्रम को देख सराहना की। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर ने कहा कि सबसे पहले पूरे भारतवर्ष के राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देना चाहता हूं। और उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणतंत्र दिवस बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी पदाधिकारी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई उनका शोषण करता है बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर फिरोज आलम, मौ आजम अंसारी, अमित ठाकुर उस्मान चांद, इंतजाम, सितारे आलम, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, नकूल, सुशील, इकबाल उस्मानी, नाजिश, शकील सलमानी, मौलाना इनामुल हक आदि कार्यकर्ता पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## बिजनौर में श्री गुरु गोविंद सिंह जी और बाबा दीप सिंह जी के जीवन और बलिदान पर प्रकाश डाला

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम रोशनपुर जागीर में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा और बाबा दीप सिंह जी सेवक जत्थे के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भाई रणजीत सिंघ खालसा, भाई हरवेंदर सिंह पाल एवं भाई। सुखविंदर सिंह ने गुरबाणी से संगत को निहाल किया। रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा एवं बाबा दीप सिंह जी सेवक जत्था रोशनपुर जागीर के संयुक्त तत्वावधान में सरवंश दानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी एवं बाबा दीप सिंह जी के जन्म दिवस को समर्पित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में विशेष कीर्तन समागम में भाई रणजीत सिंह खालसा ढंडरिया वाले, भाई हरवेंदर पाल सिंह (लिटिल वीर जी बीवी कोला जी भलाई केंद्र ट्रस्ट, अमृतसर), और भाई सुखविंदर सिंह (गोगा वीर जी बीबी कला की भलाई केंद्र ट्रस्ट, अमृतसर) ने गुरुबाणी कीर्तन से हजारों की तादाद में उपस्थित संगत को निहाल किया। उन्होंने श्री गुरु गोविंद सिंह जी और बाबा दीप सिंह जी के जीवन और बलिदान पर प्रकाश डाला। संगत ने भक्ति भाव से गुरुवाणी का श्रवण किया और गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम आयोजकों द्वारा सहयोगियों ने सभी के लिए लंगर की उचित व्यवस्था की गयी। सिख समाज के लोगों ने लंगर के स्टॉल लगाए, जबकि मुस्लिम समाज ने चाय-कॉफी के स्टॉल लगाकर संगत की सेवा की। सिख सोशल वेलफेयर एसोसिएशन (नूरपुर) के सेवादारों ने भी श्रद्धालुओं के जोड़ों की सेवा में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में पहुंचे कई राजनीतिक एवं सामाजिक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

## कुम्भ मेला में जा रहे श्रद्धालुओं को डी एम, एसपी ने रेलवे स्टेशन पर माला पहना कर स्वागत किया

**लोकतंत्र की आवाज**



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ० दुर्गेश कुमार ने रेलवे स्टेशन पर कुम्भ मेला में जा रहे श्रद्धालुओं को माला पहना कर स्वागत किया और पानी की बोतल व बिस्कुट के पैकेट वितरण कराए और उनकी सुखद यात्रा की कामना की। जिलाधिकारी ने कहा कि कुम्भ मेला भारतीय संस्कृति और आस्था का अद्वितीय पर्व है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेने आते हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को सुगम और सुखद बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कुम्भ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि वे यात्रा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०) संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनन्द सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अर्चना सिंह सहित रेलवे स्टेशन के अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बिहपुर में दो दिवसीय उर्स ए पाक का हुआ समापन, जलसे में उमड़े जायरीन





**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** मंगलवार को बिहपुर के खानका ए आलिया फरीदिया मोहब्बतिया में सुफी संत धर्म गुरु बाबू हुजूर नेहाल अहमद खॉ फरीदी रहमतुल्लाह अलैहे का सालाना दो दिवसीय उर्स ए पाक व जश्न - ए मेराजे मुस्तफा व दस्तार ए हिफज का समापन हुआ !जलसे व उर्स ए पाक की सदारत खानका के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खॉ फरीदी एव जेरे कयादत नायब सज्जादानशी हजरत मौलाना अली शब्बर खॉ फरीदी ने किया !

उर्स ए पाक में भागलपुर, वाका,कटिहार, पुर्णिया, मधेपुरा, सुपोल,बिहारी गंज,अररिया के अलावे कई राज्य के मुरीदीन जायरीन पहुंचे हुये थे इससे पूर्व देर रात तक आयोजित जलसा मे आये हुए औलमाए कराम ने बाबू हुजूर के जीवन पर प्रकाश डाला !जलसे का आगाज हाफिज काडी तारीक अनबर ने तिलाबते कुरान शरीफ सुना कर किया !कलकता से आये मौलाना अजीजूररहमान रिजवी ,मोजफफरपुर से आये हुए मौलाना गुलाम नवी हसन कादरी , मिल्की से हजरत मौलाना शमसीर आलम ,वभनगामा से हजरत मौलाना इरफ़ान आलम उरफी, आदि ने कहा कि वुजूरगो व वलियो से सच्ची मोहब्बत करनी चाहिए। कयोकि उनकी दुआ को खुदा कबूल करते है।

नात खानी मे रोहतास से शायरे इस्लाम अखतर परवाज हबीबी, खगड़िया से शायरे इस्लाम शौकीन नवाज शौक, मधेपुरा से शायरे इस्लाम जमजम बाबू हुजूर की शान में मनकबत व नात शरीफ सुनाया ।जलसे का संचालन हजरत मौलाना अबूसालेह फरीदी एव भागलपुर से काडी शहवाज रिज़वी ने किया ।जलसे के बाद चार लडको को हाफिजे कुरान की उपाधी दी गई 1 हाफिज शहनवाज बिहपुर, 2,हाफिज तौफिक फरीदी ,3 हाफिज अल्ताफ फरीदी मधेपुरा, 4 , हाफिज सादिक फरीदी खगड़िया को हाफिजे कुरान की उपाधी दी गई ।मंगलवार को सुबह मे महफिले शमा, खानकाही कवबाली व कुल शरीफ नियाज फातिहा के बाद आम लोगो के बीच शिरणी तकशीम किया गया ।इस अबसर पर पूर्व सांसद बुलों मंडल ,कर्रार फरीदी, रहबर खॉ, रहनुमा खॉ, मौलाना कुतुबुद्दीन साहब, मौलाना साजीद साहब,मौलाना राकीब रजा, मौलाना मोबबशीर रजा,जिप सदस्य मोइन राइन ,पैकस अधयझ भानू झा , गोलू चौधरी, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद सनमतबरेज उर्फ संठी ,अलखनिरंजन पासवान, गुलाम पंजतन ,मेहरबान फरीदी, हससान खॉ , आदि लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वैश्विक सामुदायिक सहभागिता दिवस पर चर्चा आयोजित



लोकतंत्र की आबाज
रामजी कुमार
समस्तीपुर। जिले के उच्च माध्यमिक विद्यालय विशनपुर बथुआ, पूसा, समस्तीपुर में मंगलवार को चेतना सत्र में वैश्विक सामुदायिक सहभागिता दिवस पर चर्चा किया गया। भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, पंजाब केसरी, लाला लाजपत राय जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बिन्देश्वर साह द्वारा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। शिक्षक साधना कुमारी, चन्द्रशेखर कुमार, कल्पना कुमारी, कमली कुमारी, प्रिया भारती, संतोष कुमार, शालिनी, शोभा कुमारी, सपना, आरती, कुमारी कंचन, कुणाल कुमार, अब्दुल कादिर, शेखर कुमार, अर्चना भारती, सिंधु कुमारी, अवधेश कुमार, दीपक कुमार, नूतन सिंहा, मीरा कुमारी, विजेन्द्र कुमार झा द्वारा पुष्प अर्पित किया गया।

### एसपी व एसडीओ ने किया महायज्ञ स्थल का किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। मंगलवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के सोनवर्षा पंचायत में चार फरवरी से श्री विष्णु महायज्ञ का आरंभ होगा। जिसकी तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है ।आकर्षक व भव्य मंडप समेत विभिन्न देवी-देवताओ के कुल 108 प्रतिमाओं का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है ।जबकि प्रवचन पंडाल, लाईटिंग, माईकिंग समेत अन्य जरूरी कार्य भी अंतिम चरण पर लगभग समाप्त होने को हैं ।महायज्ञ मुख्य रुप से समस्त सोनबर्षा ग्रामीणों के देखरेख में हो रहा हैं ।ग्रामीणों ने बताया कि तीन फरवारी को महायज्ञ को लेकर सोनवर्षा-रामनगर से कलश शोभायात्रा निकलेगा ।वहीं मंगलवार को महायज्ञ स्थल का निरीक्षण नवगछिया एसपी प्रेरणा कुमार एसडीओ ऋतुराज प्रताप सिंह एसडीपीओ ओमप्रकाश कुमार , बिहपुर अंचलाधिकारी लवकुश कुमार सहित कई पदाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण किया एवं कमिटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए .वहीं मौके पर सोनबर्षा के ग्रामीण व प्रबुद्ध जीवी लोग मौजूद थें ।

### डॉ. दीप शिखा के द्वारा स्कुल मे उपहार वितरण



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। 76 वे गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मध्य विद्यालय हीरानंन्द में डा0 दीप शिखा के द्वारा बच्चौ के बीच उपहार वितरण किया गया ।उपहार स्वरूप कॉपी, कलम, पेन्सिल बाक्स, पेन्सिल, कटर, रबर, चॉकलेट दिया गया। अपने समस्त परिवार के साथ सभी छात्र-छात्रओ को प्रोत्साहित करते हुए उनकी उज्जवल भविष्य कि कामना कि गई ।वही प्रधानाध्यपिका रिंमा सिंह के द्वारा डा0 दीप शिखा को माला पहना कर सम्मानित किया गया । विद्यालय के जन्म दाता व भुमी दाता महावीर तिवारी का फोटो पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। मौके पर श्रीराम तिवारी,सविता तिवारी, संध्या,शशी,विभा, पिंकी देवी,अंशु, श्वेता, ऋषिकेश तिवारी,दीवाकर ठाकुर,मुन्ना राय आदि उपस्थित थे।

### समाजसेवी के द्वारा नाला और पाट का निर्माण



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। शेरमारी बाजार स्थित प्रगति मैदान रोड में लगभग दो वर्षों से टूटे हुए नाला और पाट का निर्माण सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा किया गया। नाम नहीं छापने के शर्त पर सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि छोटे-छोटे वाहनों को आने जाने से नाला और पाट टूट गया था । आए दिन दुर्घटना का डर बना रहता था। इसी समस्या को हल करने के लिए नाला और पाट का निर्माण कराया गया । कुछ स्थानों पर बिजली के खंभे में बॉल भी लगाया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि वार्ड पार्षद को अनेकों बार कहने से, फंड नहीं रहने के कारण निर्माण नहीं हुआ। सामाजिक कार्यकर्ता ने इसे कर दिखाया ।इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रदीप कुमार तिवारी, सियाराम तिवारी, आनंद तिवारी उर्फ लड्डू तिवारी, नीरज ठाकुर, ओम तिवारी, हरे राम तिवारी, सहित का अन्य लोग उपस्थित है।

### बिहपुर: मृतक संजीव मिश्रा की पत्नी ने बिहपुर थाना में यूडी मामला दर्ज कराया

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 के नन्हकार क्षेत्र के एक आम बगीचे में सोमवार को भवानीपुर थाना क्षेत्र के भ्रमरपुर गांव निवासी स्व भीमशंकर के छोटे पुत्र संजीव मिश्रा उर्फ संजय के शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला था। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। जिसको लेकर बिहपुर थाना में संजीव मिश्रा उर्फ संजय की पत्नी के फर्द बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है ।थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि पत्नी नीशा मिश्रा ने अपने फर्द बयान में कहा हैं मेरे पति कुछ दिन से मानसिक तनाव में चल रहें थें ।उनका इलाज सीआईपी अस्पताल रांची में चल रहा था ।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया 76 वाँ गणतंत्र दिवस, तिरंगे को दी गई सलामी

**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** भारतवर्ष में एक ऐसा स्थान है तिनटंगा दियारा जो रंगराचौक प्रखंड और भागलपुर जिला और बिहार राज्य में पड़ता है जहाँ एक ही ग्राउंड में पाँच-पाँच तिरंगा फहराया जाता है। आदर्श मध्य विद्यालय तिनटंगा दियारा में सबसे लम्बी प्रभातफेरी निकाली गई जो नवटोलिया, कुतरुमंडलटोला, झल्लूदासटोला, ज्ञानीदासटोला, सिमरिया आदि के मध्य या स्पर्श करते हुए पुनः वापस विद्यालय प्रांगण में पहुँची। जहाँ प्रप्रअ नितेश कुमार ने तिरंगा फहराया। संस्कृताचार्य डॉ० शिवनाथ रविदास उर्फ़ चहकनाथ भागलपुरी ने सम्बोधन में गणतंत्र दिवस की महत्ता पर भाषण दिया।



मौके पर जयप्रकाश सिन्हा, पुष्कर कुमार, राजेश कुमार, प्रवीण जायसवाल, अन्नु कुमारी, चंदा कुमारी, दिनेश मंडल, बोलोबम एवं अभिभावकगण मौजूद थे। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र एक घोड़ा था जिसे तिरंगे से सजाया गया था। संत विनोबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुखिया गणेश प्रसाद मंडल ने तिरंगा फहराया। वहीं हेल्थ एंड वेलनेस हॉस्पीटल, आँगनबाड़ी केंद्र और मवेशी अस्पताल में उनके प्रधानों द्वारा तिरंगा फहराया तिरंगा फहराया गया।

## राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन टीम में नवगछिया के राहुल व अंकित

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** बेलारी ( कर्नाटक ) में 6 से 9 फरवरी तक आयोजित होने वाली 70वीं सीनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप ( पुरुष ) में भाग लेंने वाली बिहार सीनियर पुरुष बॉल बैडमिंटन टीम में नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ से बिहपुर जमालपुर निवासी राजकिशोर साह के छोटे पुत्र राहुल कुमार,जयकृष्ण शर्मा के छोटे पुत्र अंकित कुमार शर्मा का चयन हुआ है।



यह जानकारी राज्य प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि पिछले साल मधेपुरा में संपन्न हुई 31वीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। राज्य टीम में चनित होने पर बिहपुर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर,अमित कुमार,संघ के कोषाध्यक्ष दिव्यप्रियदर्शी,शिक्षक राजेश कुमार रवि,अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी जेम्स फाइटर,राकेश कुमार,राजा कुमार,राजीव कुमार,नीतिका राजपूत,घनश्याम कुमार,मो सैफ अली,गुरुदेव रणजीत सिंह, अनंत मंडल,विकाश कपूर,गौतम कुमार उर्फ बाला जी आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## बालक की सर कटी लाश मिली 16 दिन पहले हो गया था गायब जांच में जुटी पुलिस

**लोकतंत्र की आबाज**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड के हाँसा पंचायत के वार्ड संख्या 10 कोइरी टोल स्थित तोड़ी के खेत में बालक का लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। देखने ही देखते मौके पर काफी तादाद में लोगों की भीड़ जुट गई। मृत बालक की पहचान हांसा पंचायत के महाराजगंज ( नागरबस्ती ) वार्ड संख्या 04 निवासी मो सफीक के सात वर्षीय नाती मो सलमान के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मो सलमान गत 11 जनवरी 2025 से गायब था। मंगलवार को हांसा पंचायत के वार्ड संख्या 10 स्थित कोइरी टोल के तोड़ी खेत से बच्चे का दो हिस्से में शव बरामद किया गया है।



बताते चले की आज तोड़ी खेत से सटे आलू के खेत में जब मजदूर निकौनी कर रहे थे तभी उन लोगों को बदबू महसूस हुआ और इस बात की जानकारी लोगों को दी। इतने में बालक का नाना मो सफीक मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने शव की पहचान अपने नाती मो सलमान के रूप में की। उन्होंने

- बालक बचपन से अपने नाना के यहां रहता था

बताया कि सलमान बचपन से ही मेरे यहां रहता था। किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी, जानकारी मिलते ही मथुरापुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं वारिसनगर थाना अध्यक्ष निरंजन कुमार अपने टीम के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गये।

पूछे जाने पर मृतक के नाना ने बताया कि मेरे नाती की किसी ने गर्दन गाटकर हत्या कर दी है। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। बच्चे का शव मिलने पर परिजनों का रो रोकर हाल बुरा बना हुआ है।

## डब्ल्यू.एस.एम. फर्स्ट एड क्लिनिक का उद्घाटन: महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान



**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** डब्ल्यू.एस.एम. फर्स्ट एड क्लिनिक का जिलापरिषद सदस्य मोईन राईन, 01बिहपुर जिला परिषद सदस्य रेनू चौधरी, उप प्रमुख मोहम्मद एनामुल, पूर्व सरपंच राधाकृष्ण सिंह व शिक्षक बबलू रजक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के मौके पर समाजसेवी मोहम्मद जहांगीर, पूर्व उप मुखिया सेख हसबूल, मोहम्मद अशफाक, जय प्रकाश सिंह, मोहम्मद मुन्ना, मोहम्मद आजम, मोहम्मद इशा, मो रमजानी, मोहम्मद फिरोज, शिक्षक मो बबलू , शिक्षक,अमित कुमार ,सिकंदर दास, व अन्य लोगों मौजूद थे।यह क्लिनिक स्थानीय लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित रोगों के इलाज में भी विशेष भूमिका निभाई जाएगी ।

डब्ल्यू.एस.एम. फर्स्ट एड क्लिनिक की सबसे खास बात यह है कि यहां महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इसमें माहवारी की अनियमितता, गर्भावस्था संबंधी जटिलताएं, हार्मोनल समस्याएं और

- माहवारी की अनियमितता गर्भावस्था संबंधी जटिलताएं, हार्मोनल समस्याएं और अन्य महिला रोगों का इलाज की जाएगी

अन्य महिला रोगों का इलाज की जाएगी। ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को अक्सर अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए उचित चिकित्सा सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। इस क्लिनिक का उद्देश्य इन सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाना है।

डॉ गुलनाज़ फातमा ने बताया कि हमारा उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का समय पर और सही इलाज प्रदान करना । यह क्लिनिक न केवल स्वास्थ्य सेवाएं देगा, बल्कि जागरूकता बढ़ाने का भी काम करेगा।जिलापरिषद सदस्य मोईन राईन ने कहा कि यह क्लिनिक ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा। महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और सुलभ इलाज देना इस क्षेत्र की बड़ी जरूरत थी। 01 की जिला परिषद सदस्य रेणु चौधरी ने कहा,यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह क्लिनिक उन महिलाओं के लिए उम्मीद की किरण है, जो स्वास्थ्य सेवाओं के लिए संघर्ष करती थीं।

उप प्रमुख मोहम्मद एनामुल ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और विशेष रूप से महिलाओं के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज को मजबूत करेगा।

राधाकृष्ण सिंह ने कहा कि डब्ल्यू.एस.एम. फर्स्ट एड क्लिनिक का यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को गांवों में बेहतर इलाज करने में और खासकर महिलाओं को मददगार होगा।डब्ल्यू.एस.एम कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर वसीम ने कहा हम शिक्षा और स्वास्थ्य में बेहतर से बेहतर कार्य करने की कोशिश कर रहे है ताकि हमारा देश शिक्षित व स्वास्थ्य हो।डब्ल्यू.एस.एम. फर्स्ट एड क्लिनिक का उद्घाटन समाज को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई दिशा देने वाला कदम है। महिलाओं और जरूरतमंदों के लिए यह क्लिनिक उम्मीद की नई किरण लेकर आया है। डब्ल्यू.एस.एम. कम्प्यूटर के डायरेक्टर वसीम सर को और डब्ल्यू.एस.एम फर्स्ट एड क्लिनिक के, प्रोवाइडर गुलनाज़ फातमा को इस प्रशंसनीय पहल के लिए बधाई और शुभकामनाए दिया।

## दौड़ प्रतियोगिता में महेश, शुभम और आरती यादव रही अव्वल

**लोकतंत्र की आवाज़**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को जगदीशपुर नगर के दयाराम सरोवर के पास रेसर बॉय की ओर से दौड़ प्रतियोगिता एवं गोला फेंक खेल का आयोजन किया गया। इसमें बिहार और उत्तर प्रदेश से सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। 2 हजार मीटर दौड़ में बक्सर के महेश बाबू ने 5 मिनट 44 सेकेंड में प्रथम स्थान, बलिया के बड़ेश्वर विन्द ने 5 मिनट 46 सेकेंड में द्वितीय स्थान तथा पटना के प्रिंस कुमार ने 5 मिनट 55 सेकेंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं 1500 मीटर दौड़ में मऊ के शुभम पहलवान ने 4 मिनट 11 सेकेंड में प्रथम स्थान, वीरपुर के अरुण यादव ने 4 मिनट 17 सेकेंड में द्वितीय स्थान तथा आरा के विनय कुमार ने 4 मिनट



20 सेकेंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

1000 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में ग़ाज़ीपुर की आरती यादव 3 मिनट 10 सेकेण्ड में प्रथम, मऊ की स्नेहा पहलवान 3 मिनट 20 सेकेण्ड में द्वितीय तथा ग़ाज़ीपुर की विदुषी पांडे 3 मिनट 32 सेकेण्ड में तृतीय स्थान पर रहीं। गोला फेंक खेल में डुमरिया के आयुष रंजन प्रथम, जगदीशपुर डिहरी गांव के सूरज कुमार द्वितीय एवं डुमरिया के संजीत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं टॉप 10 प्रतिभागियों को कप, मेडल एवं अंग वस्त्र देकर एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद सिंह, मुखिया सुषुमलता, थानाध्यक्ष विगाउ राम एवं पूर्व वार्ड पार्षद रविन्द्र चौधरी सहित अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का

- दौड़ प्रतियोगिता व गोला फेंक खेल का आयोजित
- बिहार व यूपी से सैकड़ों प्रतिभागियों ने लिया भाग

संचालन कर रहे रवीन्द्र चौधरी ने आये हुए सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि हर साल गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जगदीप यादव, विशाल सिंह, दीपू पटेल, बबलू पटेल, निखिल कुमार, विकास कुमार, प्रकाश कुमार, गुड्डू कुमार मुन्ना कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में किया गया झंडा तोलन



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भैरोगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहो पर धूमधाम से झंडा तोलन किया गया । राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान ' जन गण मन ' देश भक्ति गीत के मधुर धुन से लहराया तिरंगा। थाना में थानाध्यक्ष महेश कुमार, भैरोगंज रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक विनोद कुमार, पोस्टमास्टर रामजी सिंह ने आदि संस्थानों में विभागाध्यक्षों की ओर से झंडातोलन किया गया। इस अवसर थाना परिसर में थानाध्यक्ष महेश कुमार ने सफाईकर्मी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में किसानों की बहुत ही प्रशंसा की और कहा कि यहां के किसान बहुत मेहनती है कड़ी मेहनत करते हैं और अपने फसलों को उगाते हैं जो काफी काबिले तारीफ है। मौके पर थाना परिसर में एस आइ श्वेत सागर, अगम राम, ओमप्रकाश गौतम, सुभाष माझी समेत तमाम गणमान्य व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### बगहा में गृह रक्षकों ने थाली पीटकर जताया विरोध



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। बगहा में गृह रक्षकों ने थाली पीटकर विरोध प्रदर्शन किया. गृहरक्षकों का धरना प्रदर्शन गृह रक्षकों ने अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एनएच 727 मुख्य पथ होकर थाली पीटकर अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया . गृह रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र गिरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटे गृह रक्षकों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष थाली पीट कर प्रदर्शन किया. इसके साथ ही गृह रक्षकों ने रैली भी निकाली. संघ के जिला सचिव मोहन साह, हसनैन खां, अशोक कुमार शुक्ला आदि ने संबोधन के दौरान कहा कि मांगें पूरी होने तक गृह रक्षकों का आंदोलन चट्टानी एकता के साथ जारी रहेगा. घोषणा की गई कि बुधवार को मशाल जुलूस निकालकर गृहरक्षक अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे. उनका कहना है कि सरकार ने उनकी मांगों की अनदेखी की तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा. तारकेश्वर सिंह, बालेश्वर गिरी, रामप्रवेश यादव, प्रभु चौधरी, महेंद्र झा, रविकेश गिरी, प्रमोद पाठक सहित बड़ी संख्या में गृह रक्षा वाहिनी के जवान उपस्थित रहे

### सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी 1990 तक के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करे निष्पादन :– जिलाधिकारी

समस्तीपुर। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा समाहरणालय सभागार में मंगलवार को नीलाम पत्र वादों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी को 1990 तक के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर अगले 10 से 15 दिनों में निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी नीलाम पत्र वादों को लगातार सुनवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादन हेतु सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। विदित को पूरे जिले में कुल 57 पदाधिकारी को नीलाम पत्र वाद की सुनवाई की शक्ति प्रदत्त है जिनमें सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, वरीय उप समाहर्ताओ सहित अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हैं। बैठक में अपर समाहर्ता समस्तीपुर अजय कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी महमूद आलम सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं नीलाम पत्र पदाधिकारी शामिल रहे।

# किसान सभा का राज सम्मेलन ऐतिहासिक होगा:– राजेंद्र सिंह

## एनडीए सरकार की चर्चा राज सम्मेलन में की जाएगी



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतिहारी।** स्थानीय सर्वोदय किड्स कैंपस केसरिया में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी किसान सभा की बैठक कामरेड नथूनी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। तथा संचालन अंचल मंत्री कामरेड निज़ामुद्दीन खान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से नवीकरण नए लोगों को जोड़ना तथा तीन चार पांच मार्च को होने वाले किसान सभा के राज्य सम्मेलन पर चर्चा की गई। सभा को संबोधित करते हुए जिला मंत्री कामरेड विश्वनाथ यादव ने कहा कि तीन चार पांच मार्च को होने वाले किसान सभा का राज सम्मेलन होगा किसानों के मांगों को नजर अंदाज कर रही है। एनडीए सरकार की चर्चा राज सम्मेलन में की जाएगी। जिला सह सचिव का राजेंद्र सिंह ने कहा कि कामरेड पीतांबर सिंह के पुण्यतिथि के दिन कामरेड पीतांबर सिंह को याद करते हुए किसान सभा का राज्य सम्मेलन इस बार मोतिहारी में आयोजित की जाएगी कामरेड पीतांबर सिंह एक किसान नेता थे इसीलिए उनको याद करते हुए। इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य होगा और इसके लिए गांव और मोहल्ले में लगातार भ्रमण किया जा रहा है। किसान सभा का जिला मंत्री का रामायण सिंह ने कहा कि किसानों के अधिकारों का लगातार भाजपा सरकार हनन कर रही है किसानों को सरकार मूर्ख समझ रही है तथा उनका इस्तेमाल केवल वोट लेने के लिए सरकार द्वारा किया जा रहा है भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी किसान सभा इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और जब तक किसानों का मांग नहीं माना जाता तब तक लगातार कम्युनिस्ट पार्टी संघर्ष करती रहेगी छात्र नेता कुमार धनंजय ने कहा कि आजकल भारत सरकार तथा राज सरकार डिजिटल बिजली मीटर लगा रही है। और यह मीटर गरीब किसान छात्र नौजवान के खून चूसने का काम कर रही है सरकार को इस तरीके के मीटर पर अंकुश लगाने की जरूरत है क्योंकि आज भी भारत के अंदर 70% से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे गुर्जर बसर करते हैं उनके लिए इसका बिल दे पाना काफी मुश्किल है। तथा इसमें बहुत तरीका के चीटिंग की जा रही है सरकार को इस मीटर पर बंदिश लगाना चाहिए और पुराने मीटर को पुन बहाल करना चाहिए। इस मौके पर भरत राय, शिक्षक नेता सीताराम यादव, गया प्रसाद कुशवाहा, जगन्नाथ राम, शंकर पासवान, देवेंद्र कुमार, अवधेश सिंह नारायण, किशोर राय, कृष्णा राय, भूपेंद्र पाठक, त्रिभुवन प्रसाद पप्पू प्रसाद, चंदेश्वर राम, मोहम्मद हाजी, सत्येंद्र कुमार, मोहन साहनी, अखिलेश कुमार, पूर्व मुखिया हरिशंकर पासवान, दशई राम शिक्षक उमेश कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## ढाका के चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुमार की बेटी अंजलि कुमारी ने लोक सेवा आयोग में सफलता हासिल कर, अपने क्षेत्र को किया गौरवान्वित



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** ढाका के मशहूर चिकित्सक डॉ.प्रमोद कुमार की बेटी अंजलि कुमारी ने कड़ी मेहनत और लगन के बलबूते लोक सेवा आयोग (पीएससी) परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे ढाका क्षेत्र का मान–सम्मान बढ़ा है। अंजलि कुमारी ने अपनी शुरुआती शिक्षा ढाका में प्राप्त की और उसके बाद उच्च शिक्षा के लिए पटना चली गईं। उन्होंने कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय के साथ अपनी तैयारी की।उनकी सफलता इस बात का उदाहरण है कि अगर सही दिशा में मेहनत की जाए, तो हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अंजलि ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा, ₹मेरे माता–पिता ने हमेशा मुझे प्रेरित किया और मेरा मार्गदर्शन किया। उनकी मेहनत और समर्थन के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। डॉ.प्रमोद कुमार, जो ढाका के एक प्रतिष्ठित चिकित्सक हैं, ने अपनी बेटी की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, ₹अंजलि ने न केवल परिवार का बल्कि पूरे ढाका का मान सम्मान बढ़ाया है।

## मोतिहारी: पुलिस ने चोरी की बाइक समेत शराब तस्कर को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**तुरकौलिया।** पुलिस ने गुप्त सूचना पर बेलवा के समीप एक चोरी की बाइक के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके बाइक में बने तहखाने से 20 लीटर देशी चुलाई शराब भी बरामद हुआ है। तस्कर झखिया का रहने वाला सुरेंद्र सहनी है। वही मथुरापुर के लालू राम भी गिरफ्तार हुआ है। उसके घर से गिरफ्तारी हुई है। शराब मामले में वह फरार चल रहा था। जबकि शराबी सुरेश साह शंकर सरैया से गिरफ्तार हुआ है। वह सगौली थाना क्षेत्र के कथौलिया का रहने वाला है। शराब पीकर पकड़े गए चौक पर हल्ला हंगामा कर रहा था। गश्ती टीम ने उसे पकड़ ब्रेथ एनालाइजर से जांच किया तो शराब पीने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## VTR के मदनपुर वन क्षेत्र में महिलाओं पर वनकर्मियों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला ने पकडा तूल



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**वाल्मीकि ।** टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में महिलाओं पर वन कर्मियों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला तूल पकड़ चुका है। इस घटना ने ग्रामीणों को उग्र कर दिया, जिसके चलते सैकड़ों की संख्या में लोग सड़क पर उतर आए। आक्रोशित ग्रामीणों ने मदनपुर–पनियहवा सड़क पर जाम लगाकर करीब 45 मिनट तक प्रदर्शन किया और दोषी वनकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उनके साथ मारपीट आई की गई बताया जा रहा है कि मुसहर बस्ती की कुछ महिलाएं जंगल में रोजमरी के जरूरी कामों के लिए गई थीं। ग्रामीणों का आरोप है कि वनकर्मियों ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया और संपत्ति देवी तथा सोनी देवी नामक महिला को बुरी तरह पीटा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।महिला के शरीर पर चोट के गहरे निशान पड़ गई, उसकी हालत को देखकर पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। जिसके बाद इस घटना के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण मदनपुर चेकपोस्ट पर जमा हो गए और फिर रेंज ऑफिस का घेराव किया। विरोध–प्रदर्शन के दौरान आरोपी वनकर्मी मौके से फरार हो गए।सूचना मिलते ही नौरंगिया थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने–बुझाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच और कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत करने की कोशिश कर रही है।घटना के बाद से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाएं पहली बार नहीं हो रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल में जाने पर वनकर्मियों द्वारा अक्सर महिलाओं और पुरुषों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। श्ळफके वन संरक्षक डॉक्टर नेशा मनी के ने बताया कि वन विभाग की टीम रूटिंग काम कर रही है। कुछ लोग इस मामले को तूल दे रहे हैं। फिलहाल डिपो स्वयं पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। वही इस विषय पर जानकारी देते हुए बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया कि नौरंगिया थाना के द्वारा सूचना दी गई थी वही दोषियों को विधिसम्मत जांच के बाद कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।

# अनुमंडल अस्पताल में 50 बेडो से बढ़ाकर कर अपग्रेड करते हुए 100 बेडो को बनाने की मंजूरी मिली




लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
अनुमंडलीय अस्पताल को 50 बेडों से बढ़ाकर अपग्रेड करते हुए 100 बेड का अस्पताल बनाने की मंजूरी मिल गई है. सरकार के निदेशानुसार बीएमएसआईसीएल द्वारा अस्पताल का निर्माण कराया जायेगा. इस खबर को मिलते ही लोगों मे उत्साह का माहौल है. इस प्रयास के लिए आम जनता के साथ प्रबुद्ध नागरिकों ने एमएलसी भीष्म सहनी को धन्यवाद दे रहे हैं. सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार 29 करोड़ 99 लाख की लागत से उक्त भवन का निर्माण कराया जायेगा. इसे लेकर एमएलसी भीष्म सहनी ने मुख्यमंत्री नितीश कुमार एवं स्वास्थ्य मंत्री को धन्यवाद दिया है.एमएलसी भीष्म सहनी ने धन्यवाद देते हुए कहा है कि बगहा की जनता यह मांग वर्षों से कर रही थी. बगहा अनुमंडल की जनसंख्या के अनुसार अस्पताल को 100 बेड का होना आवश्यक भी था. एमएलसी ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को धन्यवाद देते उनके प्रति आभार जताया है . बतादें कि एमएलसी द्वारा 11 जनवरी 2021 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अस्पताल को 100 बेड बनाने की मांग की गई थी . एमएलसी भीष्म सहनी ने विधान परिषद में भी सवाल उठाया था.इस मांग को पूरा होने के लिए जदयू नेता राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह, मुन्ना सिंह आदि ने सरकार एवं एमएलसी को धन्यवाद दिया है . बताते चले की अनुमंडल का एक मात्र यह अस्पताल है . जिसपर अनुमंडल के सातों प्रखंड से आये मरीजों का लोड रहता है, जिसके लिए 50 बेड कम पड़ता था. वहीं 100 बेड का अस्पताल होने से मरीजों के स्वास्थ्य सुविधा में भी बढ़ोतरी होगी. यह जिले का एक मात्र 100 बेड का अस्पताल होगा. उक्त जानकारी अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने दी ।

## पतिलार पंचायत के पंचायत भवन में मुखिया प्रतिनिधि के नेतृत्व में हुआ जॉब कार्ड शिविर का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**
**बगहा ।** एक प्रखंड स्थित पतिलार पंचायत के पंचायत भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2024, 2.0 सर्वे में लगने वाले जॉब कार्ड के संबंध में जॉब कार्ड निर्माण हेतू शिविर का आयोजन किया गया सरकार द्वारा दिए जा रहे आवास योजना में मनरेगा द्वारा लगने वाले जॉब कार्ड को अनिवार्य कर दिया है ' मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा ने बताया की ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार पंचायत में जॉब कार्ड बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया है आवास योजना में योग्य लाभुक जिनका जॉब कार्ड नहीं बना है और आवास सर्वे एप्लीकेशन में उसकी आवश्यकता है और जॉब कार्ड नहीं बन पाने के वजह से लाभुक छूट न जाए जिसके लिए विशेष रूप से प्रचार के सभी माध्यमों द्वारा प्रचार प्रसार करवाया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले सके पंचायत रोजगार सेवक रघुनाथ शरण प्रसाद ने बताया की को भी जरूरी कागजात है इसको देख कर जॉब कार्ड बनाया जा रहा है खबर लिखे जाने तक 300 सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है ।

## 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया में बिहार अग्नि शमन सेवा बगहा द्वारा फायर फाइटिंग ड्रिल का प्रदर्शन



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया, शिविर बगहा में नन्दन सिंह मेहरा कमांडेंट 65 वाहिनी स.सी. बल बेतिया के मार्ग–दर्शन में फायर फाइटिंग ड्रिल का प्रदर्शन किया गया।इस प्रदर्शन के माध्यम से बिहार अग्निशमन सेवा बगहा के कार्मिकों ने वाहिनी के बलकार्मिकों के समक्ष गैस सिलेन्डर पर लगी आग पर काबू पाने, उंचे भवन में आग में फंसे व्यक्ति का बचाव करने का प्रदर्शन किया एवं फायर एक्सटिंगुईशर के प्रकार तथा उपयोग के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।इस प्रदर्शन के लिए कोजा राम लोमरोड़, द्वितीय कमान अधिकारी, 65 वाहिनी स.सी. बल बेतिया ने बिहार अग्नि शमन सेवा बगहा को हार्दिक धन्यवाद देते हुए यह कहा कि इस प्रदर्शन के माध्यम से वाहिनी के समस्त बल कार्मिकों के फायर फाइटिंग ड्रिल से संबन्धित ज्ञान में बढ़ोत्तरी हुई है।इस कार्यक्रम में कोजा राम लोमरोड़ द्वितीय कमान अधिकारी, सौरभ कुमार उप–कमांडेंट, भरत सिंह यादव सहायक कमांडेंट (संचार), भरत सहायक कमांडेंट, राजकुमार सहायक कमांडेंट, दिनेश मिश्रा हवलदार बिहार अग्नि शमन सेवा बगहा एवं वाहिनी व बिहार अग्नि शमन सेवा बगहा के बलकर्मी उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर 'काव्य गोष्ठी' का हुआ सफल आयोजन डॉ शकील मोईन के आवास पर हुआ



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार दोपहर बगहा दो न्यू कॉलोनी तिवारी मार्केट में मशहूर शायर डॉ शकील मोईन के आवास पर भव्य 'काव्य गोष्ठी' कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन 'चंपारण साझा अदबी मंच' द्वारा किया गया। जिसमें बगहा नगर के बुद्धिजीवी, नेता और गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन नामचीन शायर डॉक्टर शकील मोईन द्वारा, कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरविंद तिवारी ने की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में बगहा नगर परिषद के सभापति प्रतिनिधि पति पप्पू गुप्ता, कार्यक्रम का संचालक अविनाश पांडे ने किया। कार्यक्रम दो सत्रों में चला। पहले सत्र में सत्र के आरंभ में स्वागत , अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण किया गया। डॉक्टर अरविंद तिवारी और पप्पू गुप्ता ने मंच के अध्यक्ष डॉ शकील मोईन एवं मच के सचिव चंद्रभूषण शांडिल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को डॉ अरविंद तिवारी और सभापति प्रतिनिधि पति पप्पू गुप्ता द्वारा माला पहनकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जेडीयू नेता दयाशंकर सिंह और राकेश सिंह, बीजेपी नेता मनोज कुमार सिंह, आरजेडी नेता आलमगीर रब्बानी, जन सुराज के नेता चुन्नू पाण्डेय, भारतीय रेल कामगार यूनियन नेता जय कुमार प्रसाद, बगहा स्टेशन अधीक्षक सुबास पाण्डेय, बगहा रेल वाणिज्य निरीक्षक डॉ तबरेज़, शिक्षक नेता कैयूम अंसारी एवं नामवर संचालक दीपक राही ने अपने अपने उदगार व्यक्त किए। दूसरे सत्र में भव्य 'काव्य गोष्ठी' आयोजित हुई। जिसमें कविगणों सर्वश्री हरिद्वार मस्ताना, दयाशंकर साह, घनश्याम बादल, मुफ्ती गियासुद्दीन, मिथलेश उपाध्याय, चन्द्रभूषण शांडिल्य, अविनाश पाण्डेय और डॉ शकील मोईन ने, अपनी अपनी रचनाओं से समां बाधा।

इस कार्यक्रम में विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया कि जाड़े की समाप्ति के पश्चात बगहा और प्रदेश के गौरव देश के नामचीन शायर डॉ शकील मोईन की साहित्यिक सेवा के पचास साल पूर्ण होने की खुशी में, एक भव्य आयोजन ऑल इंडिया कवि सम्मेलन सह मुशायरा , बगहा में आहूत होगा। साथ ही वाल्मिकीनगर के मुखिया पन्ना लाल के अनुरोध पर एक भव्य साहित्यिक परिचर्चा, वाल्मिकीनगर में की जाएगी ।इस की तैयारी ₹चंपारण साझा अदबी मंच₹के सचिव चंद्रभूषण शांडिल्य, उपस्थित विद्वानों के परामर्श से होगा। इस मौके वाल्मीकि नगर मुखिया पन्नालाल, पत्रकार शादमान शकील हैदर , पत्रकार दिलीप दुबे आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मृतका के नॉमिनी को ग्रामीण बैंक ने किया भुगतान



केदार नाथ पाण्डेय।

पीरपैंती।ग्रामीण बैंक ने मृतक के नॉमिनी को किया राशि का भुगतान। मृतका बंटी कुमारी, पति संजय कुमार, ग्राम रामनगर, पोस्ट गोविंदपुर मोहनपुर ,थाना पीरपैंती निवासी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत राशि का भुगतान किया गया। मृतका बंटी कुमारी जीविका की सदस्या थी। 436 रूपया सालाना दक्षिण ग्रामीण बैंक में जमा करती थी।इसी बीच उनकी मृत्यु हो गई ।दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा पीरपैंती के द्वारा प्रखंड परियोजना प्रबंधक जाहिद इमाम के समक्ष शाखा प्रबंधक अमर उजाला ने मृतका के पति बंटी कुमार को ?दो लाख का चेक सौंपा।

### बैठक में बीडीओ ने दिए पंचायत सचिवों को निर्देश



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा।पकरीबरावां। मंगलवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर पंचायत सचिव की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार ने की। बीडीओ ने कहा कि जिन पंचायतों में स्वच्छता पर्यवेक्षक की नियुक्ति नहीं हुई है, वहां इसकी नियुक्ति की जानी है। सभी पंचायतों में डोर टू डोर कचरा उठाने का निर्देश दिया गया नल जल योजना में विद्युत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। सोलर स्ट्रीट लाइट में खराब सोलर की सूची तैयार करवाने को कहा गया। प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार ने भी पंचायत सचिवों को कई आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचायत सचिव राजीव कुमार, नरेंद्र कुमार रजक, दीपक कुमार, मो. कौसरअली, पवन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### पकरीबरावा:छठ घाट को भर खेल मैदान निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा।पकरीबरावां प्रखंड के छतरवार गांव में छठ घाट को भरकर खेल मैदान का निर्माण किए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। मंगलवार को अंचल कार्यालय पकरीबरावां पहुंचें दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने सीओ खुशबू गौतम से शिकायत करते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की है।ग्रामीण उमेश चौरसिया, प्यारे चौरसिया, अशोक चौरसिया, इंदु देवी, रिंकू देवी, उम्रा देवी आदि ने बताया कि हम ग्रामीण छठ पूजा के अवसर पर जिस जगह अर्घ्यदान करते हैं, वहां मिट्टी भरकर खेल मैदान बनाया जा रहा है। इससे छठ पूजा के दौरान छठ व्रतियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने इस पर अविलंब अग्रेत्तर कार्रवाई की मांग की है। सीओ खुशबू गौतम ने बताया कि छठ घाट को भरकर खेल मैदान बनाए जाने की शिकायत मिली है। राजस्व कर्मचारी से जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है। फलस्वरूप अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

# जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने लालू फैमिली पर जमकर किया कटाक्ष,कहा तेजस्वी को बिना खेल किस आधार पर मिला खेल कीर्ति अवार्ड,


## 1 फरवरी को गया में एनडीए के सभी घटक दलों की होगी बैठक

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** बोधगया मार्ग पर स्थित एक होटल सभागार में एनडीए के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है।इस एनडीए प्रेस वार्ता में सभी दलों के प्रवक्ता शामिल हुए है।वहीं जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार भी शामिल हुए जिनका स्वागत जदयू महानगर अध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू बरनवाल ने पुष्पगुच्छ देकर किया है।जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने लालू फैमिली पर जमकर हमला किया। वही एनडीए के लोगो द्वारा लालू परिवार से जुड़े एक पोस्टर भी लॉन्च किया गया है जिसमें लिखा है एनडीए का मतलब उन्नति और विकास और लालू राबड़ी पर लिखा गया है कौन गुनहगार? बता दे की गया में 1 फरवरी को एनडीए घटक दलो के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन होना है।जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी के यात्रा पर कहा कि एनडीए गांधी मैदान में बैठक करता है लेकिन तेजस्वी यादव बंद कमरे में बैठक करते है, हम लोग खास लोगों के बीच जाते हैं लेकिन यह चंद लोगों के बीच जाते हैं।लालू यादव के बयान आया था कि मैं अपने बेटा को मुख्यमंत्री बनाने के लिए घूमूंगा के सवाल पर कहा, तेजस्वी यादव ने कहा है कि उम्मीदवार हम तय करेंगे तो क्या लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव ने राजनीतिक रूप से अपंग घोषित कर दिया, क्या लालू यादव में राजनीतिक फैसला लेने की क्षमता नहीं है। इससे साफ होता है कि लालू यादव का बोरिया बिस्तर समेट दिया गया है।वही तेजस्वी यादव को सैलरी घोटाला और क्रिकेट घोटाला का भी आरोपी बताया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव एफिडेविट में 11000 रुपया ही शो करते हैं।उन्होंने कहा कि विराट कोहली कब उनके नेतृत्व में खेले थे चुकी तेजस्वी का दावा है कि विराट कोहली मेरे नेतृत्व में खेले थे उन्होंने कहा कि ऐसा मजाक भी नहीं करना चाहिए उन्होंने कहा कि अपने मां–बाप के शासनकाल में क्रिकेट खेलने गए थे झारखंड में कुल 7 मैच खेले हैं जिसमें कुल 37 रन बनाए थे और एक विकेट लिए थे। तेजस्वी यादव पर एक बड़ा आरोप लगाते हुए नीरज कुमार ने कहा जब राबड़ी देवी राज्य की मुख्यमंत्री थी तो तेजस्वी यादव को 13–14 वर्ष में खेल कृति अवार्ड मिला था जबकि एक और व्यक्ति को कृति अवार्ड मिला था जो बाबर अरफात थे दिव्यांग बौद्धिक रूप थे, जिन्होंने आयरलैंड के पैरालंपिक जून 2003 में कांस्य पदक लाया था तो क्या तेजस्वी यादव लोटा लेकर आए थे, तेजस्वी यादव कौन सा पदक जीत कर आए थे जिसे यह अवार्ड मिला था।उन्होंने कहा कि राबड़ी देवी मुख्यमंत्री थी तो तमाम सारे नियम कानून को तोड़ते हुए अपने बेटे को यह अवार्ड दिलवाया था।इस मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष द्वारका प्रसाद, महानगर जिलाध्यक्ष राजु वर्णवाल, भाजपापूर्वी जिलाअध्यक्ष विजय कुमार मांझी,लोजपा रा के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह,हम के जिलाध्यक्ष नारायण मांझी,हम के राष्ट्रीय प्रवक्ता आदी काफी संख्या में लोग उपस्थिति थे।

## अगले माह फरवरी में शुरू होने वाले उर्स पाक को लेकर एसपी प्रेरणा कुमार व एसडीओ ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर,,,,** मंगलवार को बिहपुर प्रखंड के मिल्की गांव स्थित सूफी संत हजरत दांता मांगह शाह रहमतुल्लाह अलेह के मजार शरीफ पर लगने वाले सलाना उर्स पाक को लेकर मजार परिसर का नवगछिया कप्तान प्रेरणा कुमार, एसडीओ ऋतुराज प्रताप सिंह, एसडीपीओ ओमप्रकाश कुमार, बिहपुर अंचलाअधिकारी लवकुश कुमार सहित सहित कई पदाधिकारी ने निरीक्षण किया ।कमेटी के द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। उर्स को लेकर कमेटी द्वारा बेहतर सुरक्षा की मांग भी की गई। एसपी ने भरोसा दिलाया कि उर्स पाक के मौके पर प्रशासन की कड़ी व्यवस्था की जाएगी ।ताकि किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। मौके पर संयुक्त अध्यक्ष मोहम्मद इरफान आलम , जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, रोहित आनंद शुक्ला, असदराही, कोषाध्यक्ष मोहम्मद जेनुल अंसारी , मोहम्मद सोहराब, मोहम्मद फिरोज , सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रतिमा निर्माण के लिए लाइसेंस लेना जरूरी



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां थाना परिसर में मंगलवार को सरस्वती पूजा को ले शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार एवं थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रतिमा निर्माण के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है। लोगों को सरकारी गाइडलाइंस के बारे में बताया गया। मौके पर अंबेडकर जगृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, प्रकाश यादव, सत्येंद्र साव, मो. जावेद, हाफिज नौशाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## पकरीबरावा: धमौल थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे पर होगा पूर्ण प्रतिबंध

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** आगामी सरस्वती पूजा को लेकर मंगलवार को धमौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार एवं पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी की उपस्थिति में हुई बैठक में बीडीओ मृत्युंजय कुमार, सीओ खुशबू गौतम, धमौल एसएचओ हिमांशु पप्पू के अलावे धमौल सरपंच इंद्रजीत कुमार सिन्हा, मुखिया रामरूप यादव, पंसस उपेंद्र सिंह, ढोढ़ा मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव, पूर्व सरपंच परमेश्वर यादव, गुलनी सरपंच धर्मेंद्र यादव, सुजींद्र सिंह, कैसर मंसूरी सहित पूजा समिति के सदस्यगण शामिल हुए।एसडीओ एवं एसडीपीओ ने पूजा पंडाल को लेकर जानकारी ली। धमौल थाना क्षेत्र में कितनेसार्वजनिक स्थानों पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाती है, इसकी जानकारी ली गई। एसडीपीओ



ने लोगों को संबोधित करते हुए डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध की बात कही। कहा लाइसेंस की शर्तों का अक्षरशः पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि किसी धर्म विशेष के क्षेत्र अथवा धार्मिक स्थल के पास से गुजरते समय संयम रखें। जुलूस में ज्यादातर बच्चे रहते हैं। ऐसे में नासमझी में गलत कदम उठा लेते हैं। जुलूस में बच्चों के साथ अभिभावक रहें। संवेदनशील क्षेत्र में किसी भी तरह की नारेबाजी नहीं करने को कहा, जिससे किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे। जुलूस के दौरान हथियार का प्रदर्शन नहीं करने, भड़काऊ भाषण अथवा विवादित टिप्पणी नहीं करने, राजनीतिक बैनर पोस्टर नहीं लगाने सहित कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा विसर्जन के दौरान कोशिश रहे कि बच्चे तालाब में न उतरे जिससे किसी तरह की घटना की संभावना हो।उन्होंने कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। कहा सरकार की गाइडलाइन का पूजा समितियों को हर हाल में पालन करना होगा।वहीं, एसडीओ ने कहा विद्या की देवी की पूजा है। इसमें लाठी नहीं कलम की जरूरत होती है। इसलिए शांतिपूर्ण ढंग से पूजा करें। कलम एवं किताब से मां सरस्वती की पूजा करें। कोई अप्रिय घटना घटती है, तो असमाजिक तत्वों के साथ पढ़ने वाले बच्चे इसमें फंस जाते हैं।उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे लोगों पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पूजा पंडाल में एक मजिस्ट्रेट हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। कहा पूजा के समय इंटरमीडिएट परीक्षा जारी रहेगी। इसका भी ख्याल रखते हुए देर रात तक लाउडस्पीकर नहीं बजाएं, जिससे परीक्षार्थियों को दिक्कत हो।विसर्जन में छोटे बच्चों को नहीं ले जाने को कहा। कहा अगर तालाब गहरा है तो बैरिकेडिंग करें। किसी को जबरन रंग अबीर भी नहीं लगाने के निर्देश दिए।बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्ष ने सभी से सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने की अपील की है।इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष इंद्रमल मांझी, एसआई दिनेश पासवान, पूजा समिति के विश्वनाथ कुमार, सत्यम कुमार, रौशन कुमार, गौतम चौधरी सहित कई मौजूद थे।

# समस्तीपुर में किन्नरों ने किया थाने का घेराव समस्तीपुर–पटना मार्ग को जाम, कर घंटे की आवाजाही अवरुद्ध

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** जिले में मंगलवार दोपहर को सैकड़ों किन्नरों ने मुसरीघरारी थाने का घेराव किया। इस दौरान किन्नरों ने थाने पर जमकर हंगामा मचाया और समस्तीपुर–पटना मार्ग को जाम कर आवाजाही अवरुद्ध कर दिया। इस दौरान जाम हटाने गए पुलिसकर्मियों को भी किन्नरों ने खदेड़ दिया। दरअसल, मारपीट के एक मामले में कार्रवाई न होने से नाराज किन्नर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, पिछले सप्ताह मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के विशंभरपुर ऐलोथ गांव में कुछ किन्नर भिक्षा मांगने गए थे। इस दौरान किन्नरों की पिटाई कर दी गई थी। इस मामले में अब तक कार्रवाई न होने से नाराज किन्नरों ने



आज इसके विरोध में बड़ी संख्या में मुसरीघरारी थाने पर पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने समस्तीपुर–पटना मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही, हमारी सुनने वाला कोई नहीं : प्रदर्शनकारी किन्नर इस संबंध में किन्नरों ने बताया कि चार दिन पहले हम लोगों के साथ मारपीट की गई थी, जिसमें कई किन्नर घायल हो गए थे। लेकिन पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करना चाहिए। किन्नरों के प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही रूपा किन्नर ने बताया कि चार दिन पहले मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के विशंभरपुर ऐलोथ गांव में मोहम्मद आले के घर एक बच्चे का जन्म हुआ था। सूचना मिलने पर किन्नरों का एक समूह उसके घर पहुंचा और नाच–गाना करते हुए बख्शीश की मांग की। रूपा किन्नर ने बताया कि बख्शीश मांगने पर मोहम्मद आले के परिवार के लोगों ने किन्नरों के समूह पर लाठी–डंडे से हमला कर दिया, जिसमें कई किन्नर घायल हो गए। सभी लोगों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया, लेकिन इस मामले में पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले में मुसरीघरारी थाना प्रभारी फैजल अंसारी ने बताया कि इस घटना में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है। कानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्यवाई झ एएसपी संजय पांडेय एएसपी संजय पांडेय ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसकी जांच की जा रही है। कुछ किन्नर भी घायल हुए हैं। एक किन्नर के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों पक्षों की प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही थी। इसी बीच किन्नरों के बीच यह अफवाह फैल गई कि पुलिस ने हमारा मामला दर्ज नहीं किया है। इसी को लेकर आज बड़ी संख्या में किन्नर आए थे। उनके द्वारा की गई शिकायत और जख्म प्रतिवेदन के आधार पर आगे की जांच की जा रही है।

## नवादा : संत जॉन्स पब्लिक स्कूल का 15 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:–वारिसलीगंज बाजार स्थित संत जॉनस पब्लिक स्कूल का 15 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अरुणा देवी तथा विद्यालय के प्रबंध निदेशक बिपिन कुमार ने संयुक्त रूप से किया।विधायक अरुणा देवी ने कहा कि शिक्षा संस्कार की जननी है, शिक्षित तथा सुसंस्कृत समाज के लिए खासकर ग्रामीण क्षेत्र के कमजोर तबकों में शिक्षा का अलख जगाने की आवश्यकता है,ताकि बिहार को शिक्षित राज्य बनाया जा सके। मंच का संचालन उप प्राचार्य संजय कुमार तथा छात्र मुस्कान कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।इस दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक बिपिन कुमार, सुनील कुमार, मोती गुप्ता तथा उमेश प्रसाद द्वारा पिछले



शैक्षणिक सत्र के विभिन्न खेल, पाक कला, ग्रीटिंग कार्ड, राखी निर्माण सहित अन्य प्रतियोगिताओं के सफल छात्र छात्राओं को शील्ड देकर उत्साहवर्धन किया।मौके पर बेस्ट अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम के दौरान नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। देशभक्ति से ओतप्रोत गीत जय जवान में अंकुर, अमन, कृष, शिव तांडव में ध्रुव, तेजवल, शिवम, फॉक गीत रंगीला मेहमान को लक्ष्मी, हनी, परिधि तथा राजश्री ने सफलता पूर्वक प्रदर्शित कर उपस्थित अभिभावकों की तालियां बटोरी।वहीं सजल तथा शिव ग्रुप द्वारा शिव विवाह की प्रस्तुति की गई। आदिवासी फॉक में अंजली, प्रिया, प्रतीक्षा, गुनगुन आदि बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति पर अभिभावक बेहद खुश दिखे।

# रजौली: 19 बोतल विदेशी शराब के साथ एक बाइक जब्त,हिरासत में दो विधि निरुद्ध बालक

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित पुलिस कैम्प के समीप से उत्पाद बलों ने 19 बोतल विदेशी शराब के साथ एक बाइक को जब्त किया। साथ ही दो विधि निरुद्ध बालकों को हिरासत में लिया गया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से सघन वाहन जांच किया जाता है।वहीं आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर शराब निर्माण,बिक्री,परिवहन,सेवन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि मंगलवार को दोपहर गश्त के क्रम में



उत्पाद एसआई बब्लू कुमार एवं एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने दिबौर स्थित पुलिस कैम्प के समीप एक बाइक पर लदे 19 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया।साथ ही दो विधि निरुद्ध बालकों को हिरासत में लिया गया।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं बाइक को लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।इस दौरान उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक जवान शामिल थे।

## मोरवा में आयोजित अटल बिहारी शताब्दी समारोह सह सम्मान समारोह कार्यकर्म आयोजित किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** मोरवा के ऐतिहासिक खुदनेश्वर स्थान मंदिर के सामुदायिक भवन के प्रांगण में मंगलवार को आयोजित अटल बिहारी शताब्दी समारोह सह सम्मान समारोह कार्यकर्म आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र गान से किया गया उसके बाद मंडल अध्यक्ष उदय चौधरी एवं प्रमोद सहनी द्वारा दोनों जिला अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष सहित करीब एक सौ से अधिक भजपा के कार्यकर्ताओं को चादर माला पाग एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। वही कार्यकर्म को संबोधित करते हुए भाजपा समस्तीपुर दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशि धर झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व व्यापी प्रतिष्ठा मिली है। श्री झा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री द्वारा विदेशों में चल रहे युद्ध को बुद्ध के रास्ते पर लाकर शांति व्यवस्था का प्रयास



किया जिसमें सफलता भी प्राप्त हुआ है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मोदी सरकार ने धारा 370 हटा कर एक देश एक संविधान का निर्माण कर देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया है। जिलाध्यक्ष द्वारा भाजपा सरकार की देशवासियों के लिए जन्म से मृत्यु तक दिये जाने वाले लाभों एवं उपलब्धियों को विस्तार से बताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव मे एन डी ए गठबंधन की सरकार बनाने के लिए अभी से युद्ध स्तर पर तैयार होने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष ने सभी मंच मोर्चा, शक्ति को सशक्त करने के साथ ही एक बूथ सौ युथ को सफल बनाने का आग्रह किया। वही समस्तीपुर उत्तरी की जिलाध्यक्ष नीलम सहनी ने केंद्र सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना आदि योजनाओं को विस्तार से बताते हुए जिला के सारे कार्यकर्ताओं को एकजुट रह कर भाजपा की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाने की अपील की है। पूर्व जिला अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष शुरू होने पर जिला भाजपा द्वारा शुरू किए गए कार्य क्रमों के लिए धन्यवाद दिया । साथ ही,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत का इतिहास पुरुष बताते हुए उनके हाथों को देश से प्रदेश तक मजबूत करने में सहयोग के साथ ही नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को हर संभव सहयोग देने की अपील किया। आगे उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताते हुए मोरवा विधानसभा में फिर से गठबंधन उम्मीद वार को जिताने का आह्वान किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रदेश नेत्री विमला सिंह, डॉ विजय कुमार सिंह, राम याद शांडिल्य, कौशल पाण्डेय, प्रभात ठाकुर,कैप्टन कमलेश सहनी, वीणा देवी,अजय कुमार, मंडल अध्यक्ष उदय कुमार चौधरी एवं प्रमोद कुमार सहनी, हरि पोद्दार, रामेश्वर राय,नवीन कुमार झा,दीपक कुमार, मोहन मल्लिक,प्रेमलाल दास, धर्मेंद्र सहनी, दिलीप कुशवाहा ,सुशील वर्मा,अजय कुमार चौधरी, राजकुमार पंडित, राजीव सूर्यवंशी, नरेंद्र सिंह, हरेन्द्र ठाकुर,श्याम सुन्दर त्यागी, त्रिलोकी झा, रामदयाल राय,शिव शंकर राय, राजीव कुमार सहित संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके पूर्व सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व जिला अध्यक्ष द्वारा बाबा खुदनेश्वर की पूजा अर्चना की गई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिष्णुगढ़ में दो दिवसीय माघी काली पूजा की तैयारी पूरी



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड) विष्णुगढ़ प्रखंड के पेठियाटाड़ में दो दिवसीय मांघी काली पूजा मंगलवार मध्य रात्रि से पाठा बलि के बाद पूजा की शुरआत कर दी जाएगी । साथ ही इस अवसर पर भव्य मेला का आयोजन कि तैयारी किया गया है। बताते चलें कि यह दो दिवसीय लगने वाले मेला में यहां पर काफी दूर दूर से श्रद्धालु भक्त अपनी मन्नते पूरा होने के बाद एवं मन्नते मांगने के साथ पूजा अर्चना करने आते हैं। जिसकी तैयारी एवं विधि व्यवस्था को लेकर कमेटी द्वारा पूरे जोर शोर की गई है। रात्रि में मंदिर के गर्भ गृह मे साफ सफाई के साथ रोशनी की चकाचौंध देखते ही बनती है। चारों तरफ दुकानें ही दुकानें सजाया गया है। बच्चों के लिए नाव झूला, तारा माची, ब्रेक डांस, जंपिंग, रेल गाड़ी समेत कई मनोरंजन की झूले समेत मनोरंजन के सामग्री उपलब्ध है। इस मेले का विसर्जन प्रतिमा विसर्जन के साथ गुरुवार को की जाएगी इसमें सभी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहें हैं।

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु ने हजारीबाग में विकास के कार्य कि समिक्षा किया



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड) झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु एवं प्रणेश सॉलोमन ने मंगलवार को हजारीबाग परिसदन भवन में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया। जिसमें अल्पसंख्यकों के लिए चलाए जा रहे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा किया। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने सरदार चरणजीत सिंह के मामले को लेकर अपर समाहर्त्ता, बरही एसडीओ और चौपारण सीओ को मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करने और पीडित परिवार को न्याय दिलाने हेतु निदेशित किया , साथ ही कटकमदाग प्रखंड में बन रहे अल्पसंख्यक छात्रावास के बारे में प्रगति रिपोर्ट की मांग की है।

### आ बैल मुझे मार की कहावत चरितार्थ



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह,झारखंड। यह एक मुहावरा मात्रा नहीं ऐसे लोगों पर भी लागू होती है जो अपने हंसते खेलते जीवन को तो तबाह /बर्बाद करते ही हैं साथ में अपने घर परिवार बच्चों की भी जिंदगी दाव पर लगा देते हैं। ऐसी ही घटना घटित हुई है उमेश दास के साथ जो शीतलपुर गिरिडीह निवासी है प्राप्त जानकारी अनुसार शीतलपुर मोहल्ला में किसी को भनक तक नहीं लग पाई थी कि यह व्यक्ति इस प्रकार का हो सकता है हालांकि कहते हैं ना की चोर चोर मौसेरा भाई अब आगे आने वाले समय में ही पता चल पाएगा की और कौन–कौन से लोग इस प्रकरण में शामिल हैं।

# मौत से खिलवाड़ कर रहे बच्चे! बिजली के करंट से नदियों में पकड़ी जा रही हैं मछलियां

लोकतंत्र की आवाज़





**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड पलामू(झारखंड)।** जिले में बच्चे मौत से खिलवाड़ कर रहे हैं. इस खिलवाड़ में अन्य लोगों को भी शामिल कर रहे हैं और मौत का निमंत्रण दे रहे हैं. बच्चे नदी में बिजली के करंट से मछली मार रहे हैं. बच्चों के मछली पकड़ने के इस तरीके की हैरान करने वाली तस्वीर निकलकर सामने आई है.

दरअसल मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के कोयल नदी के तट पर बड़ी संख्या में बच्चे बिजली के करंट से मछली का शिकार कर रहे हैं. बच्चे नदी के तटवर्ती क्षेत्र से बिजली का कनेक्शन लेते हैं और उससे 1200 से 2000 मीटर तक बिजली का तार जोड़ देते हैं. तार को 15 से 20 फीट के डंडे में लपेटा जाता है और उसके मुहाने पर एक जाल तैयार किया जाता है. इस जाली को मछली के झुंडों के पास ले जाया जाता है. जाल से मछलियों को बिजली का झटका लगता है और उनकी मौत हो जाती है. बाद में मछलियों को बच्चों के झुंड में शामिल अन्य बच्चे उठा लेते है. यह सिलसिला कई घंटे तक चलता है.

**तीन बच्चे व मवेशियों की मौत हो चुकी है:** शिकार करने में शामिल सभी बच्चे नदी के तटवर्ती क्षेत्र के रहने वाले हैं. 2023–24 में गढ़वा के इलाके में बिजली के करंट से ही मछली मारने के दौरान तीन बच्चों की मौत हुई थी. 2024 के शुरुआती महीने में पलामू में ही इसी तरह के मामले में मवेशियों की मौत हुई थी.

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता सह उपमहाप्रबंधक संतोष कुमार ने कहा कि यह बेहद ही खतरनाक कदम है, बिजली के झटके से बच्चे या अन्य लोगों की मौत हो सकती है. नदी में बच्चों के अलावा कई लोग नहाने के लिए जाते हैं. बिजली की चपेट में आने से उनकी भी मौत हो सकती है. यह बेहद ही गंभीर मामला है. पूरे मामले में स्पेशल टीम तैयार की जा रही है. तटवर्ती क्षेत्र में बिजली के झटके से मछलियों के शिकार करने वाले बच्चों के परिजनों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी. बच्चों के परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी. वहीं तार को भी जब्त किया जाएगा.

**पुलिस को लिखा जाएगा पत्र, जाल के पास दो मीटर तक लगता है झटका :** पूरे मामले को बिजली विभाग ने गंभीरता से लिया है. विभाग सभी थानों को पत्र लिखेगा और ऐसे मामले में कार्रवाई करने का आग्रह करेगा. विभाग का कहना है कि पुलिस की पेट्रोलिंग करने के दौरान अगर इस तरह की घटना को देखते हैं तो कार्रवाई करेंगे. बच्चे मछली का शिकार करने के दौरान जाली जहां लगाते हैं वहां से डेढ़ से दो मीटर तक बिजली का झटका लगता है. बिजली के तार कहीं से अगर कटा हो तो इसके चपेट में दूसरे लोग भी आ सकते हैं और उनकी मौत भी हो सकती है।

## गिरिडीह के पतरोडीह पंचायत में सीसीएल द्वारा मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन






लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ) गिरिडीह, झारखंड।** सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड (सीसीएल) पतरोडीह पंचायत गिरिडीह क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवन में प्रधान फाउंडेशन के सौजन्य से मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन सोमवार 28. 1 .2025 को किया गया ।जिसमें लगभग 300 के करीब महिला पुरुषों एवं बच्चों ने निशुल्क चिकित्सा एवं औषधि का लाभ लिया। इस क्षेत्र को सेंट्रल फीट के नाम से भी जाना जाता है।

इस शिविर में इलाज करने वाले डॉक्टरों में गिरिडीह के जाने–माने प्रतिष्ठित डॉक्टर एस के डोकानियां से डॉक्टर नीरज डोकानियां डॉ जैस्मिन अख्तर डॉक्टर पी के साहू डॉक्टर राकेश रंजन इत्यादि चिकित्सकों ने अपना चिकित्साई योगदान दिया हालांकि शिविर के ठीक गेट पर एक व्यक्ति श्री विश्वनाथ नर्सिंग होम के द्वारा किए जाने वाले सभी प्रकार के इलाज का पर्ची बांटता हुआ दिखाई पड़ा क्या यह उचित था या नहीं शब्दों के जाल में पडने से बेहतर यह होगा कि इस शिविर के मुख्य आयोजकों में कौन है यह जान लेना जिन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान किया उनके विषय में भी जानकारी प्राप्त होनी चाहिए इनमें हैं – जी.एम. वासु चौधरी , एनवायरमेंट शम्मी कपूर ,प्रधान फाउंडेशन के सचिव शेखर प्रसाद, मुखिया पतरोडीह शंकर कुमार ( बबलू) इत्यादि लोगों ने अपना योगदान दिया।

## गिरिडीह: दिव्यांग बच्चों के लिए खंडोली में खेल सह प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ) गिरिडीह, झारखंड।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना गिरिडीह द्वारा आज दिव्यांग बच्चो के लिए खंडोली में खेल सह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यत्र्क्रम में सभी 13 प्रखण्ड से 80 दिव्यांग खिलाडी शामिल हुए। खेल–कूद प्रतियोगिता के तहत बिस्किट रेस, म्यूजिकल चेयर, गायन, भाला फेकना आदि खेल का आयोजन किया गया। सभी खेल में प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागी को मेडल और पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त शेष बच्चों को भी पुरस्कार दिया गया। खेल–कूद के बाद सभी दिव्यांग बच्वें खंडोली डैम का भ्रमण किए। भ्रमण के पश्चात सभी बच्चों को भोजन कराया गया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक, श्री मुकुल राज, एपीओ समेत अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिरनी प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल वितरित

लोकतंत्र की आवाज



**अनिल कुमार (संवाददाता) प्रखंड –बिरनी, गिरिडीह।** 27 जनवरी 2025 को गिरिडीह प्रखंड कार्यालय कैंपस अंतर्गत दिव्यांग जनों के बीच तीन प्रकार के ट्राई साइकिल का वितरण किया गया था यह भी जानकारी प्राप्त हुई थी कि गिरिडीह जिला के सभी प्रखंड में भिन्न–भिन्न तिथियों को ट्राई साइकिल का वितरण किया जाएगा इसी नीति/ कार्यक्र्म के अंतर्गत बिरनी प्रखंड में भी दिव्यांग जनों के बीच ट्राई साइकिलों का वितरण किया गया।

बिरनी प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगो के लिए उपकरण वितरण समारोह में बगोदर विधायक श्री नागेंद्र महतो सम्मिलित होकर सभी दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल बैटरी युक्त, ट्राई साइकिल एवं व्हील चेयर उपकरण यंत्र का वितरण किया। मौके पर बगोदर विधायक ने कहा कि इन कृत्रिम उपकरणों की सहायता से क्षेत्र के दिव्यांग जनों के दिनचर्या में सुधार होगी, अब उन्हें दूसरों के सहारा नहीं बनना पड़ेगा। हर संभव मदद का भरोसा दिया जाएगा। क्षेत्र के बाकी दिव्यांगों को शीघ्र ही उपकरण देने का हर संभव मदद किया जायेगा। इस अवसर पर बिरनी बीडीओ फनीश्वर रजवार,सीओ संदीप मधेशिया जिला मंत्री देवनाथ राणा, मंडल अध्यक्ष राजदेव साव,जिला कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण दास, मुखिया कुंवर नारायण सिंह,भाजपा नेता तुलसी यादव,मुखिया मुकेश यादव,मुखिया दिलीप दास,पूर्व मुखिया प्रेमचंद कुशवाहा,मनोज चंद्रवंशी,राम कृष्ण वर्मा,सुभाष दास,सुभाष बर्मा,प्रकाश सिन्हा, सरजू पासवान,रंजीत राय,विक्रम तरवे,मांझी तुरी,भरत बर्मा,छत्रधारी दास,सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें।

# हजारीबाग: मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने किरतोडीह में सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

लोकतंत्र की आवाज





**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के जिप सदस्यो में मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ही जनता के लिए,जनता के कार्य को लेकर अधिक सजग दिखाई पड़ते है। सीमित संसाधनों के बावजूद भी बिजली से जुड़ी समस्याओं को काफी संजीदगी से हल कर लोगो को अंधेरे से मुक्ति दिलाते है। आज 15 वें वित्त आयोग से गैंडा पंचायत के किरतोडीह में 22 लाख 45 हजार की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। मध्य जिप सदस्य शेख तैयब लगातार अपने कार्य क्षेत्र से इतर लोगो के हित मे कार्य करना तथा सामाजिक सरोकार से इनका गहरा नाता इनको औरों से अलग बनाता है।

इस बाबत शेख तैयब ने कहा कि मैंने अपने चुनाव के दौरान इसकी घोषणा की थी,जिसका आज शुभारंभ हुआ है। इस सामुदायिक भवन के बनने से यहाँ के लोगो को शादी विवाह तथा अन्य सार्वजनिक कार्यो को लेकर ग्रामीणों को एक ठिकाना मिलेगा जिससे सभी को लाभ होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से ताज अंसारी,शौकत अंसारी,सदर मुस्लिम अंसारी,सदर अनवर अंसारी, सेगिटरी समीरुद्दीन अंसारी,इमामुद्दीन अंसारी,जमीरउद्दीन अंसारी,डॉ. कमरुद्दीन अंसारी,मौलाना सेराज साहब,आलम अंसारी, डुग्गीलाल यादव,विनोद बिहारी महतो, रामटहल रविदास,टेको रविदास समेत सैकड़ो की सँख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस पर लोगों की फरियाद से रूबरू हो आवश्यक दिशा-निर्देश दिए



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड गुमला(झारखंड)।** आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

सिसई निवासी एक दिव्यांग किसान ने अपनी आर्थिक कठिनाइयों का जिक्र करते हुए सहायता की मांग की। उपायुक्त ने उनकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए बीडीओ सिसई को निर्देश दिया कि उन्हें मनरेगा योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जाए। पालकोट प्रखंड के बाघिमा निवासी टोहन चिक बढ़ाई ने अपनी आदिवासी जमीन पर हो रहे विवाद और फर्जीवाड़े की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस मामले की गहन जांच करने और उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कॉंसिर डांडी अंबा क्षेत्र के ग्रामीणों ने खराब सड़क के कारण होने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए कॉंसिर से जमगई तक सड़क के कालीकरण की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पथ्एड विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र अग्रसारित किया। सोसो ग्राम निवासी जय देवी ने अपने आवेदन में बताया कि उन्हें दो व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए जय देवी को सुरक्षा प्रदान करने की बात कही। गुमला निवासी रानी देवी ने अपने पति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद मुआवजा राशि की मांग की। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को शीघ्रता से मामले का समाधान करने का निर्देश दिया। पालकोट के बाघिमा क्षेत्र के ग्रामीणों ने विद्यालय के पास दीवार बनने के कारण आवागमन में हो रही कठिनाइयों के समाधान की मांग की। उपायुक्त ने एसडीओ बसिया को इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान जमीन विवाद, आपसी विवाद, दिव्यांगों द्वारा बैटरी चालित रिक्शा की मांग, रोजगार उपलब्ध कराने और विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी अनेक आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शेष समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने उपस्थित नागरिकों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है।

# लोहरदगा में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड लोहरदगा(झारखंड)।** जिला के ग्रामीण युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से पलाश (जेएसएलपीएस), लोहरदगा की ओर से नया नगर भवन में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला में जनजातीय लोगों के उत्थान के लिए कई सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया गया है।

समय–समय पर भी कई कार्य जिला प्रशासन की ओर से किये जाते हैं। जिला प्रशासन हमेशा इनके लिए प्रतिबद्ध है। बीते एक वर्ष में जनजातीय लोगों को आवास, सड़क योजनाओं से आच्छादित किया गया है। आनेवाले समय में भी कई कार्य किये जाएंगे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसी को रोजगार देने से ना सिर्फ उस व्यक्ति का बल्कि उसके परिवार का भी उद्धार होता है। किसी युवा की मदद करनी हो तो उसे रोजगार देना सबसे बड़ा कार्य होता है। रोजगार से स्वरोजगार तक पहुंचना ही युवाओं का लक्ष्य होना चाहिए।

अगर आप स्वरोजगार करेंगे तो दूसरों को भी रोजगार दे सकेंगे। आप कहीं काम करें तो उस हुनर को सीखें और स्वयं वह उद्यम शुरू करें। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस डीपीएम संजय गुप्ता ने कहा कि जिला के स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अगर कोई 18–35 वर्ष का युवा 10वीं या 12वीं पास है तो वह रोजगार मेला में आकर रोजगार प्राप्त कर सकता है। कई ऐसी कंपनियां इस मेला में आती हैं और उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान करती हैं।

**सांकेतिक रूप से दिया गया जॉब ऑफर लेटर:** रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित पांच युवक–युवतियों को सांकेतिक रूप से जॉब ऑफर लेटर दिया गया। आज के मेला में एक हजार से अधिक युवक–युवतियां शामिल हुए जिसमें 41 कंपनियों ने भाग लिया। 410 से अधिक युवक–युवतियों का साक्षात्कार मेला में लिया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के स्टेटे कॉर्डिनेटर अनिल चौधरी और विभिन्न नियोक्ता कंपनियों प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कार्रवाई : दो एकड़ में लगे अफीम की खेती किया गया नष्ट




लोकतंत्र की आवाज़
अमित कुमार, जिला ब्यूरोचीफ चतरा

चतरा(झारखंड)। मंगलवार को वन भूमि में अवैध तरीके से पोस्ता की खेती करने वालों के विरुद्ध टंडवा थाना क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया।इस दौरान थाना क्षेत्र के बोंगागड़ा में लगभग दो एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया। छापेमारी अभियान में रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना द्वारा गठित टीम शामिल रहे ।बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुदूरवर्ती इलाकों में उक्त कार्रवाई वन विभाग, स्थानीय थाना व अंचल प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से की गई। छापेमारी दल में शामिल सीओ विजय दास ने पूछे जाने पर बताया कि वन क्षेत्र में बड़े पैमाने खेती की गई है। वहीं आगे नियमित तौर पर छापेमारी अभियान चलाकर विनिष्टिकरण व संलिप्तों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमलोगों से सूचना देने की अपील की है। अभियान में थाना प्रभारी उमेश राम, वन रक्षी नीरज कुमार, ललटू कुमार, सत्यनारायण रविदास,जयराम उरांव समेत पुलिस बल शामिल थे।

### जय हिंद चैलेंज क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ उद्घाटन , उद्घाटन मैच में पूर्णिया ने खगड़िया को एक रनों से हराया



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। प्रखंड के लत्तीपुर के मैदान में जय हिंद चैलेंज क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन किया गया । उद्घाटन मैच खगड़िया बनाम पूर्णिया के बीच खेला गया .जिसमें खगड़िया ने टॉस जीतकर कुल 142 रनों का लक्ष्य रखा। वहीं पूर्णिया ने 143 रन बनाकर एक रनों से जीत हासिल किया।वहीं पूर्णिया के खिलाड़ी मो.सहनवाज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया ।टूर्नामेंट लत्तीपुर के समस्त ग्रामीणों के द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं ।मौके पर अध्यक्ष पृथ्वीराज परवाना (कर्नल), सचिव संजय भगत, उपसचिव पंकज कुमार, अशोक अकेला, मनोज मार्शल ने बताया कि मुख्य अतिथि बिहपुर जमालपुर के मुखिया प्रत्याशी सह युवा नेता विपिन मंडल, डाक्टर राजेश कुमार, भ्रमरपुर निवासी कुंदन मिश्रा सहित कई राजनीतिक कार्यकर्ता ने फीता काट मैच का उद्घाटन किया । मौके पर अंपायर की भूमिका में श्रवण राज, विपिन गर्ग, पल्लव पुष्प, ऐबी आनंद, कॉमेंटेटर कन्हैया शर्मा,मोती , हक साहब, आजाद अंसारी, नवल किशोर महतो थें । वहीं आज का मुकाबला पटना बनाम कटिहार के बीच खेला जाएगा।

### सिरदला- सरस्वती पूजा व शब ए बारात पर्व को लेकर थाने में की गई शांति समिति की बैठक



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता

सिरदला नवादा। शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा एवं शब ए बारात पर्व संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को सिरदला एवं परना डाबर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार, एवं अंचलाधिकारी अभिनव राज, थाना अध्यक्ष संजीत राम व रंजन चौधरी की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में क्षेत्र में मनाए। इसके लिए सभी पूजा कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। पूजा स्थान व जुलूस में डीजे पर प्रतिबंध है। उन्होंने पूजा कमेटियों से हुड़दंगियों पर नजर रखने, व पुलिस को तुरंत सूचना देने की बात कही। इसके अलावा बिना लाइसेंस लिए पूजा की अनुमति नहीं दी जाएगी। पूजा स्थल पर डीजे का उपयोग नहीं करना है। बिना किसी ताम झाम के ही प्रतिमा विसर्जन की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल में प्रशासन के अधिकारी व पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगे ।मौके पर समाजसेवी व राजद जिला सचिव राजेश कुमार, सिरदला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि कैलाश स्वर्णकार,एस आई प्रियेश कुमार विद्यार्थी, संजय कुमार द्विवेदी, एस आई संजय कुमार, एस आई पूजा कुमारी, सहित दर्जनों प्रतिनिधि व बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने बैंड टीम में शामिल सभी छात्राओं को शानदार उपलब्धि के लिए दी बधाई और शुभकामनाएं, किया सम्मानित

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन- 2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम ने की मुलाकात**



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**रांची(झारखंड)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कॉम्पटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

**बच्चे -बच्चियों की प्रतिभा निखारने और प्रदर्शन हेतु बेहतर प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्स्पोज़र के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

**नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले का किया प्रदर्शन:** विदित हो कि नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर शशि रंजन, स्टेट नोडल अफसर धीरसेन सोरेंग, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक निशा पन्ना, प्रशिक्षक प्रेम राणा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ के जरनैल सिंह और अमरवीर सिंह मौजूद थे।

# परिमार्जन के नाम पर लुट, नहीं देने पर आवेदन को की जाती है रिजेक्ट

लोकतंत्र की आवाज



**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज में नीतीश सरकार का राजस्व भूमि सुधार विभाग हमेशा से चर्चा के केंद्र में रहा है.यहा दाखिल- खारिज, जमाबंदी सुधार, वंशावली बनाने सहित अन्य राजस्व कार्यों की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद अंचल कार्यालयों पर भ्रष्टाचार और अनियमितता के लगातार आरोप लगते रहे हैं. यहां से बिना किसी दलाल के कोई भी काम करवाना अब भी बड़ी बात मानी जाती है. हर काम के लिए दलालों ने रेट निर्धारित कर रखा है. चढ़ावा चढ़ाये बिना ऑनलाइन आवेदनों पर भी कार्रवाई मुश्किल है. ऐसे में आम जनता और गरीब लोग बेवजह पिस रहे हैं.ताजा मामला मौजा मानगंज की है यहा जमाबंदी नंबर 3129 रकवा 13-05 चल रहा है,

उक्त जमाबंदी में 49,5 डिसमिल यानी 11-05 कट्टा रैयती खाते की जमीन दस्तावेज के मुताबिक एवं मालगुजारी रसीद अनुसार खाता नंबर 936 खेसर 2959 की है, और उक्त जमाबंदी में चार कट्टा खास खाता की है जिसका खाता 957 खेसरा 2969 है, हल्का कर्मचारियों की लापरवाही से ऑनलाइन पंजी 2 में रैयती खाता 936 खेसरा 2969 के बदले 3969 चढ़ा दिया है,जिसको लेकर भूस्वामी के पुत्र के द्वारा खेसरा सुधार करने हेतु परिमार्जन किया गया,खेसरा सुधार करने के नाम पर हल्का कर्मचारी राज्य रौसन एवं आरओ राकेश कुमार पचास हजार रुपए की मांग की , जिसको लेकर बहुत भुस्वामी के पुत्र में अंचल अधिकारी को शिकायत की अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह के द्वारा कहां गया कि जो मांगे जाते हैं वह दे दीजिए परिमार्जन में यहां से वहां तक मैनेज करना पड़ता है, रुपया नहीं देने से परिमार्जन किए हुए करीब 6 महीने बीतने को जा रहा है, बार-बार रिजेक्ट कर दिया जाता है, जिससे गोस्वामी को ऑनलाइन रसीद गलत खेसरा से कट रही है, भुस्वामी के पुत्र ने जिलाधिकारी से इस तरह के राजस्व कर्मी पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए, रैयती खेसरा 2969 के बदले ऑनलाइन पंजी टु में 3969 जो चढ़ा दिया गया है उनकी सुधार करवाने की मांग की है,

## जसप्रीत बुमराह ने रच दिया इतिहास, आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर जीतने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बने

लोकतंत्र की आवाज




**नई दिल्ली।** भारत टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इतिहास रच दिया है। वे प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी पाने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मेन्स क्रिकेटर ऑफ द इयर के लिए भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को चुना है।

आईसीसी के इस अवार्ड का चयन लोगों के वोट के आधार पर किया गया है। उन्होंने खेल के सबसे लंबे और सबसे छोटे प्रारूप में प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाया।31 साल के बुमराह ने हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया) और जो रूट (इंग्लैंड) जैसे स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर पुरुष क्रिकेट का शीर्ष सम्मान हासिल किया।बुमराह से पहले भारत की ओर से यह ट्रॉफी राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, रविचंद्रन अश्विन और विराट कोहली (2 बार) जीत चुके हैं। लेकिन यह पहली बार हुआ है कि कसिी भारतीय तेज गेंदबाज ने इस प्रतष्ठिति अवॉर्ड को अपने नाम किया, आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 पर काबिज बुमराह सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले भारतीय तेज गेंदबाज हैं।

# गालीबाज दारोगा के पास कैसे जाएँ फरियादी

**वारिसलीगंज थाने में पदस्थापित गालीबाज दारोगा पर कुछ कार्रवाई भी करेंगे एसपी साहब, राजद नेता सह मकनपुर पैक्स अध्यक्ष को थानेदार ने धमकाया**

लोकतंत्र की आवाज




**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज थाना परिसर में प्रखंड के राजद नेता सह मकनपुर पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के साथ थाने में पदस्थापित अवर पुलिस निरीक्षक सुभाष प्रसाद के द्वारा गाली गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है। यहाँ तक की सुरेन्द्र यादव के साथ थानेदार के द्वारा किये गए गाली गलौज का ऑडियो भी वायरल हो रहा है।इस सबंध में अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा की थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव का एक पारिवारिक मामले के सिलसिले में थाने में गए थे।थाने में बैठे अवर निरीक्षक सुभाष प्रसाद से मामले को आपसी सहमति के आधार पर सुलझाने का आग्रह किया। इतनी ही बात पर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए भद्दी -भद्दी गलियां देना शुरू कर दिया गया।

उन्होंने कहा की पिछले तीस बर्षो से सामाजिक जीवन एवं राजनैतिक जीवन में आम लोगो के समस्याओं को लेकर अधिकारियो से संवाद कर समस्याओं का निराकरण कराने एवं पुलिस को सहयोग करने का भी कार्य करता रहा हूँ लेकिन सुभाष प्रसाद के द्वारा थाने परिसर में इस प्रकार की बेइज्जती कभी नहीं हुई है। एक सम्मानित जनप्रतिनिधि के साथ ज़ब वारिसलीगंज पुलिस का रवैया इस प्रकार है तो आम लोग का क्या स्थिति हो सकती हैं, यह अंदाजा लगाया जा सकता हैं। उन्होंने कहा की इसकी शिकायत एसपी से लेकर डीजीपी तक करूंगा। बहरहाल जिले के कई थाने का यही हाल है। थाने में पदस्थापित थानेदार से लेकर चौकीदार तक आकंठ भ्ष्टाचार की गंगोत्री में डुबकी लगा रहें है। यहाँ तक की केस में नाम हटाने को लेकर जिले के अकबरपुर पुलिस के द्वारा पैसा मांगने का ऑडियो भी वायरल हो रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार के द्वारा पुलिस पब्लिक के बीच मैत्री का संबध कैसे स्थापित हो सकता है यह बड़ा सवाल है।

घटना को लेकर प्रखंड के दर्जनों नेताओं ने थानेदार के द्वारा किये गए अमानवीय व्यवहार की निंदा करते हुए ऐसे पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की है।अब नवादा एसपी अभिनव धीमान ऐसे गालीबाज दारोगा को क्या इनाम देतें हैं यह तो गर्त में डूबी बात है।

# पुलिस मुठ भेड़ में बाइक चोर को लगी गोली

लोकतंत्र की आवाज



**उरई।** जालौन उरई कोतवाली क्षेत्र के फैक्ट्री एरिया में एसओजी व उरई कोतवाली पुलिस की बाइक चोर से हुई मुठभेड में शातिर बाइक चोर के पैर में गोली लगने से हुआ घायल, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम की बाइक चोरी करने वाले गिरोह से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से एक शातिर चोर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।सूचना मिलते ही एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

शहर कोतवाली पुलिस व एसओजी को सूचना मिली कि फैक्ट्री एरिया में बाइकों को चोरी करने के बाद उन्हें काटा जा रहा है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, एसओजी के प्रभारी सतीश कुशवाहा टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र गेट नंबर 2 पर जाकर जांच की। जहां टीम ने टॉर्च जलाकर देखा तो बाइक को चोर काट रहे थे। चोरों ने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें वहां मौजूद एक चोर के पैर में गोली लग गई, जबकि अन्य लोग भाग गए। घायल अवस्था में देखते हुए पुलिस ने चोर को पकड़कर तत्काल उसे इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया। पूछताछ के दौरान चोर ने अपना नाम नीरज पुत्र राम प्रसाद बेड़िया निवासी रिठारी थाना कुरारा जिला हमीरपुर बताया। पुलिस ने उसकी निशान देही पर फैक्ट्री एरिया से 15 चोरी की बाइकें और एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा और बाइकों को खोलने व काटने के उपकरण भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही जालौन के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। जिन्होंने मौका मौका-मुआयना किया साथ ही घटनास्थल को भी देखा। पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार ने बताया कि जिस बदमाश व पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है जिसमे मुठभेड़ के दौरान बाइक चोर घायल है।

# सिरसा कलार थाना क्षेत्र में पत्नी व सास से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या


- सास व पत्नी से तंग आकर पति ने जान गंवाई नीम के पेड़ से लटक कर फांसी पर झूला, पहले भी कर चुका था सुसाइड का प्रयास

लोकतंत्र की आवाज



**उरई जालौन।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम मल्थुवा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। पत्नी और सास द्वारा लगातार प्रताड़ित करने से परेशान होकर 40 वर्षीय विकल शर्मा ने गांव के बाहर नीम के पेड़ से लटक कर फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर ली ।

मृतक के परिजनों के अनुसार, विकल की पत्नी और सास द्वारा उसे लगातार जेल भिजवाने की धमकी दी जा रही थीं। जिससे तंगाकर फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली कुछ दिन पहले दोनों ने रामजी नामक एक व्यक्ति के साथ मिलकर उसे धमकी दी थी। इस कारण विकल ने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसका उसने वीडियो भी बनाया था, लेकिन उस समय उसे बचा लिया गया था। घटना का पता तब चला जब कुछ ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे और उन्होंने विकल का शव पेड़ पर लटका देखा। सूचना मिलते ही परिवार और पुलिस मौके पर पहुंची। सिरसा कलार थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। विकल, रामबाबू शर्मा के सबसे छोटे बेटे थे। इस बार वह बिना किसी को बताए घर से निकले और अंतिम कदम उठा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



प्रेस विज्ञप्ति

"गणतंत्र दिवस" की हार्दिक शुभकामनाऐं

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यकम उ0प्र0

कृपया आप कुष्ठ रोग के बारे में जाने और गौर करें

- शरीर में हल्के लाल तामियॉं, पीले दाग धब्बे जिनमें सुन्न पन हो एवे हाथ व पैरों की नशे मोटी हो और अँगुलियों में टेढापन जिनमें सुन्नपन हो कुष्ठ रोग हो सकता है।
- कुष्ठ रोग एक जीवाणु के द्वारा होता है जिसको माइको बैक्टीरियम लैप्री कहते है। यह जीवाणु मुख्यता शरीर की त्वचा व तंत्रिकाओं (नर्व) को प्रभावित करता है। यह पुरुष, महिला एवं बच्चों को हो सकता है।
- कुष्ठ रोग के प्रारम्भिक लक्षण उत्पन्न होते ही एम0डी0टी0 उपचार लेने पर मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो जाता है।
- कुष्ठ रोग छह माह से 12 माह तक नियमित उपचार लेने पर विकलांगता से बचा जा सकता है।
- एम0टी0टी0 उपचार जनपद के प्रत्येक सरकारी अस्पतालों में पूर्णतः मुफ्त उपलब्ध है।
- कुष्ठ रोग पूर्व जन्म के पापों का अभिशाप नहीं है यह एक बीमारी है जो उपचार लेने पर पूर्ण रूप से सही हो जाती है।
- सफेद दाग कुष्ठ रोग नहीं है।
- कुष्ठ रोग को छुपायें नहीं जल्द से जल्द इलाज करायें।

(आईये मिलकर जागरूकता फैलायें, भ्रान्तियों को दूर भगायें कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये)

डॉ0 महेश चन्द्रा
जिला कुष्ठ अधिकारी
जालौन स्थान उरई

डॉ0 एन0डी0 शर्मा
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जालौन स्थान उरई

(राजेश कुमार पाण्डेय)I.A.S.
जिलाधिकारी
जालौन

# देवघर उपयुक्त की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह झारखंड।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर की अध्यक्षता में आज दिनांक 28.01.2025 को पीसी-पीएनडीटी एक्ट-1994 से संबंधित जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट के माध्यम से शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। बैठक में उपायुक्त श्री विशाल सागर द्वारा जानकारी दिया गया कि वर्तमान में देवघर जिला में कुल 38 अल्ट्रासाउंड केंद्र हैं। सभी निबंधित अल्ट्रासाउंड केंद्रों में जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा औचक निरीक्षण कर जांच किया जा रहा है कि इस संस्थानों में भ्रूण हत्या, जन्म पूर्व लिंग परीक्षण और अन्य किसी भी माधयम से बेटियों की हत्या आदि का कार्य तो नकहि किह जा रहा है। अगर उपरोक्त मामलों में कोई भी संस्थान संलिप्त पाए जाते हैं तो उक्त संस्थान के लाइसेंस को रद्द करते हुए जिला स्तर से विधिसम्मत कार्यवाई की जाएगी।

**क्या है पीसी-पीएनडीटी एक्ट :** गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 भारत में कन्या भुण्र हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक (पीसी-पीएनडीटी एक्ट- 1994) के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है। ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुर्माने की सजा का प्रावधान है।

**अल्ट्रासाउंड केंद्रों द्वारा ऑनलाइन फॉर्म-F संधारण का हो विधिवत जांचः- उपायुक्त देवघर :** उपायुक्त सह जिलादण्डाधिकारी श्री विशाल सागर द्वारा पीसी-पीएनडीटी एक्ट 1994 से संबंधित सलाहकार समिति की बैठक के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि वैसे अल्ट्रासाउंड केंद्र जिनके द्वारा पीसी-पीएनडीटी वेबसाइट गरिमा झारखंड पर 10 से कम गर्भवती महिलाओं का ऑनलाइन फॉर्म-एफ का संधारण किया गया हो का समिति के अधिकारियों द्वारा जांच कराते हूए विस्तृत प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय ताकि सबंधित विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जा सके। आगे उन्होंने कहा कि जिले दिनांक- 24.01.2025 से दिनांक- 31.01.2025 तकसफ्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के स्कूल, कॉलेज में पीसी-पीएनडीटी एक्ट की विस्तृत जानकारी के साथ साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संबंध में जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा समिति सभी सदस्यों को निदेशित करते हुए कहा कि सभी एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करते हुए व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाय ताकि अधिक से अधिक लोगो को जागरूक किया जा सके। बैठक में उपरोक्त के अलावा सिविल सर्जन देवघर डॉ० युगल किशोर चौधरी, जीपी श्री धनंजय मंडल, संबंधित विभाग के अधिकारी, चिकित्सकों की टीम व सदस्य आदि उपस्थित थें।


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।